● जयपुर, गुरुवार, 16 मई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 260 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनु, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जयपुर विकास प्राधिकरण ने लालकोटी योजना में तीन मंजिला अवैध...

पेज @4 दलालों के संपर्क में थे फोर्टिस के डॉक्टर...

पेज @8 अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन विफल...

## बुधवार को जयपुर स्थित फॉर्टीस अस्पताल में ली अंतिम सांस

# पूर्व राज्यपाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री व वरिष्ठ - कद्दावर कांग्रेस नेता रही डॉ. कमला बेनिवाल का हुआ निधन

## डॉ कमला बेनीवाल के देवगमन की दुखद खबर से शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र समेत पूरे प्रदेश में शोक.की लहर

## डॉ. कमला बेनीवाल त्रिपुरा,मिजोरम,गुजरात की राज्यपाल तक रहीं

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** खलील कुरैशी पूर्व राज्यपाल और राजस्थान सरकार में पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा कांग्रेस की वरिष्ठ एवं कद्दावर नेता रही स्वर्गीय डॉ.कमला बेनीवाल ने बुधवार को जयपुर स्थित फोर्टिस अस्पताल में ली अंतिम सांस ली इस बारे में जानकारी सांझा करते हुए उनके सुपुत्र और शाहपुरा से पूर्व विधायक रहे आलोक बेनीवाल ने बताया कि उनकी माता जी डॉ कमला बेनीवाल को स्वास्थ्य संबंधी तकलीफ़ के चलते फोर्टिस हॉस्पिटल जयपुर में भर्ती करवाया गया जहां बुधवार को उन्होंने अंतिम सांस ली अब 16/5/2024 गुरुवार को जयपुर मालवीय नगर स्थित उनके निजी निवास 5/1 में अंतिम दर्शन के बाद उनका पार्थिव शरीर सुबह 10 बजे अंतिम यात्रा पर रवाना होकर लाल कोठी श्मशान घाट पर लेजाया जाएगा जहां पुरे धार्मिक अनुष्ठानों, विधि-विधानों और राजकीय सम्मान के दाह संस्कार किया जाएगा, गौरतलब है कि आयरन लेडी के नाम से मशहूर, स्वच्छ और निर्मल ईमानदार, मजबूत, बेदाग कांग्रेसी राजनीतिज्ञ रही लोकप्रिय जनसेविका स्वर्गीय डॉ. कमला के निधन से शाहपुरा सहित पुरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गयी मुख्यमंत्री, राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने डा. कमला के निधन पर जताया शोक जताया वहीं, विराटनगर एवं शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र की जनता को भी गहरा आघात लगा है गौरतलब हैं कि डॉ कमला बेनीवाल 7 बार चुनाव जीती थी आपको बता दें डॉ कमला बेनीवाल के पुत्र आलोक बेनीवाल भी 2018 में शाहपुरा से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतकर विधायक रह चुके है





### प्रथम महिला मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री के पद को भी कर चुकी हैं सुशोभित

● मुख्यमंत्री, राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री सहित वरिष्ठ राजनेताओं ने व्यक्त की शोक-संतप्त संवेदनाएं

● गुरुवार को लाल कोटी श्मशान घाट जयपुर पर होगा अंतिम संस्कार

### डॉ कमला बेनीवाल के राजनैतिक जीवन की कहानी

» डॉ. कमला बेनीवाल राजनीति जीवन के परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए ने आपको बता दें कि उन्होंने कब और कहां से लड़ा विधानसभा चुनाव लडा एवं उनको.कितने वोट मिले, प्रतिदंद्वी– पार्टी को कितने वोट मिले तथा नतीजा क्या रहा 1962– बैराठ – कांग्रेस– 16839– धर्मेन्द्र– एचएमएस– 13653– 3186 मतों से डॉ. कमला बेनीवाल की जीत रही 1967– बैराठ– कांग्रेस– 17063– डी सिंह– जेटीपी– 18232– 1169 मतों से हार रही 1972– दूदू– कांग्रेस– 26907– रघुवीरसिंह– स्वतंत्र– 13465– 13442 मतों से डॉ कमला बेनीवाल की जीत रही 1980– बैराठ– कांग्रेस –27152– ओमप्रकाश– बीजेपी– 22520– 4632 मतों से डॉ कमला बेनीवाल की जीत रही 1985– बैराठ– कांग्रेस– 34455– ओमप्रकाश– बीजेपी– 34042– 413 मतों से डॉ कमला बेनीवाल की जीत रही 1990– बैराठ– कांग्रेस– 30697– ओमप्रकाश– बीजेपी– 45413– 14716 मतों से डॉ कमला बेनीवाल की हार रही 1993– बैराठ– कांग्रेस– 43664– ओमप्रकाश– बीजेपी– 28954– 14710 मतों से डॉ कमला बेनीवाल की जीत रही। 1998– बैराठ– कांग्रेस– 54710– राव राजेन्द्र– बीजेपी– 44257– 10453 मतों से डॉ कमला बेनीवाल की जीत रही 2003– बैराठ– कांग्रेस– 41700– राव राजेन्द्र– बीजेपी– 67297– 25597 मतों से डॉ कमला बेनीवाल की हार रही



### ● * कांग्रेस पार्टी में विभिन्न पदों पर भी रही

» 1977 के चुनावों के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव, राजस्थान कांग्रेस कार्यकारी समिति के सदस्य, राजस्थान महिला कांग्रेस के अध्यक्ष, राजस्थान प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य व बाद में चुनाव अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

### ● 27 साल की उम्र में 1954 में पहला चुनाव लड़कर मंत्री बनी थी

» डॉ. कमला, 2003 में बनी उपमुख्यमंत्री.डॉ. कमला ने 27 साल की उम्र में 1954 में पहला चुनाव लड़कर जीता और सरकार में मंत्री बनीं। डॉ. कमला 1954 से राजस्थान में लगातार कांग्रेस सरकारों में मंत्री रही हैं। गृह, चिकित्सा और स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विभाग उनके पास रहे है। अशोक गहलोत सरकार में राजस्व मंत्री थीं। 1980 से 1990 तक सरकार में कैबिनेट मंत्री रहीं। इस दौरान उनके पास कृषि, पशुपालन, सिंचाई, श्रम और रोजगार, शिक्षा, कला और संस्कृति, पर्यटन और एकीकृत ग्रामीण विकास आदि विभाग थे। 1993 में वह मंत्री नहीं बन सकी। 1998 में वह फिर से कैबिनेट मंत्री बनीं। 2003 से राजस्थान की उप मुख्यमंत्री रहीं।

### ● त्रिपुरा, गुजरात व मिजोरम की रह चुकी है राज्यपाल

डॉ. कमला को 2009 में त्रिपुरा का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। वह पूर्वोत्तर भारत के किसी भी राज्य की पहली महिला राज्यपाल थीं । एक महीने बाद, उन्हें 27 नवंबर 2009 को गुजरात का राज्यपाल नियुक्त किया गया जहां उन्होंने चार साल से अधिक समय तक सेवा की। 6 जुलाई 2014 को उनका तबादला मिज़ोरम के राज्यपाल पद पर कर दिया गया। सिंचाई मंत्री के रूप में उन्होंने राजस्थान में लगभग 48,000 जल संचयन संयंत्रों के जिला कार्यक्रम बनाने का कार्य पूरा किया। जयपुर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की स्थापना में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने जयपुर में एक संस्कृत विश्वविद्यालय भी स्थापित किया है। लगभग 20 वर्षों तक विभिन्न रैंकों में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ में राजस्थान इकाई के प्रतिनिधि के रूप में कार्य किया है। 1994 - 95 में इफको द्वारा प्रदत्त भारत का सर्वश्रेष्ठ सहकारी पुरस्कार दिया गया। शाहपुरा विधानसभा के पूर्व विधायक और उनके सुपुत्र आलोक बेनीवाल ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि गुरुवार को उनके निवास स्थान 5/1,मालवीय नगर जयपुर में अंतिम दर्शन के बाद सुबह 10 बजे डॉ कमला बेनीवाल का पार्थिव शरीर लाल कोठी श्मशान घाट पर अंतिम यात्रा पर रवाना होगा

### ● प्रदेश में कांग्रेस की जाट राजनीति का बड़ा चेहरा भी रह चुकी है डॉ कमला बेनीवाल

राजस्थान की पूर्व और पहली महिला उपमुख्यमंत्री तथा देश के कई राज्यों की राज्यपाल रह चुकी हैं डॉ कमला बेनीवाल इसके अलावा उनके पुत्र आलोक बेनीवाल भी शाहपुरा विधायक रह चुके हैं। आपको बता दें कि राजस्थान में कांग्रेस की जाट राजनीति का चेहरा रहीं भी कमला बेनीवाल तथा उन्होंने 1954 में आमेर विधानसभा सीट से उपचुनाव जीता। इसके बाद वे राजस्थान की उपमुख्यमंत्री से लेकर गुजरात और मिजोरम की राज्यपाल तक बनीं। साल 2003 में कमला बेनीवाल उपमुख्यमंत्री बनी। बतौर मंत्री बेनीवाल के पास गृह, चिकित्सा और स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विभाग रहे। अशोक गहलोत सरकार में भी वे राजस्व मंत्री रहीं।

# रविंद्र भाटी को फिर मिली जान से मारने की धमकी, खुलेआम जल्द मारेंगे

चमकता राजस्थान

बाड़मेर (नि.स.)। लोकसभा निर्दलीय प्रत्याशी और शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार एक युवक ने वीडियो जारी कर कहा कि रविंद्र भाटी को जल्द ही खुलेआम मारेंगे। वीडियो मंगलवार शाम जारी किया गया था।वीडियो सामने आने के बाद बालोतरा पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। वहीं रविंद्र सिंह भाटी को बार-बार मिल रही धमकी के बाद उनके समर्थक सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बालोतरा पुलिस ने कहा है कि धमकी देने वाले युवक की तलाश की जा रही है। बालोतरा पुलिस ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि टीम की ओर से तलाश की जा रही है।



### ● बार-बार जातिवाद का जहर घोल रहा है

युवक ने करीब 1 मिनट 26 मिनट का वीडियो जारी किया है। युवक ने कहा- कुछ दिनों पहले एक वीडियो आया था। वह कह रहा है कि लिखकर क्यों धमकी दे रहा है.. खुलेआम धमकी क्यों नहीं दे रहा है। मैं उसे बोलना चाहता हूं कि रविंद्र सिंह भाटी को खुलेआम मारेंगे, वो भी जल्द से जल्द। तुझे जो करना है, वो कर लेना। बार- बार हमारे लोक देवताओं को लेकर टिप्पणी करता है। इस तरह का जातिवाद फैलाकर क्या करना चाहता है? वीडियो में युवक एक लोक देवता का जिक्र करते हुए कह रहा है. वे शराब पीकर मर गए। रोड एक्सीडेंट में उनकी मौत हो गई और अब उनको चढ़ावा चढ़ा रहे हो। ऐसे तो हर किसी के घर में बाप-दादा मर जाते हैं।

### ● रविन्द्र सिंह भाटी को दूसरी बार मिली जान से मारने की धमकी

» प्रदेशभर में सुरक्षा देने की मांग उठी रविंद्र सिंह भाटी को दूसरी बार धमकी मिली है। 27 अप्रैल को फेसबुक पर मघाराम नाम के एक व्यक्ति ने रविंद्र सिंह भाटी को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाड़मेर पुलिस ने 2 मई को गिरफ्तार कर उसे बालोतरा पुलिस को सौंप दिया था। अब दूसरी बार फिर से भाटी को धमकी मिली है। लगातार मिल रही धमकी के बाद रविंद्र सिंह भाटी को सुरक्षा देने की भी मांग उठी थी। इसके बाद जयपुर सीबीआई से मिले आदेश के बाद बाड़मेर एसपी ने एक पीएसओ को बढ़ाकर दो पीएसओ लगाए थे।

दिल्ली शराब नीति मामला :

## राउज एवेन्यू कोर्ट से मनीष सिसोदिया को नहीं मिली राहत, न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और अन्य आरोपियों की न्यायिक हिरासत अगली तारीख तक के लिए बढ़ा दी गई है। बता दें कि दिल्ली शराब नीति मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सीबीआई के मामले में आरोप पर बहस को 30 मई के लिए स्थगित कर दिया है। मनीष सिसोदिया और हिरासत में बंद अन्य आरोपियों की जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने मंगलवार को दिल्ली हाई कोर्ट से कहा था कि वह दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में आप को आरोपी बनाएगा। धनशोधन मामले में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने यह बात कही थी। ईडी के वकील ने न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा के सामने कहा, 'मामले में दायर की जाने वाली अगली अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) में आप को एक सह-आरोपी बनाया जाएगा।' हाई कोर्ट, ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज क्रमशः धनशोधन और भ्रष्टाचार मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर दलीलें सुन रहा था।

# डेंगू से बचाव के लिए रहें अलर्ट

डेंगू वैसे तो प्रतिवर्ष खासकर बारिश के मौसम में लोगों पर कहर बनकर टूटता है लेकिन कुछ राज्यों में इसके कारण महामारी जैसे हालात नजर आने लगे हैं और सैंकड़ों लोगों की मौत भी होती है। इसीलिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा प्रतिवर्ष लोगों में डेंगू को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 16 मई को 'राष्ट्रीय डेंगू दिवस' मनाया जाता है। हालांकि डेंगू की दस्तक तो हर साल सुनाई पड़ती है किन्तु हर तीन-चार वर्ष के अंतराल पर डेंगू एक महामारी के रूप में उभरकर सामने आता है और तभी हमारी सरकारें तथा स्थानीय प्रशासन कुम्भकर्णी नींद से जागते हैं। प्रतिवर्ष मानसून के बाद देशभर में डेंगू के कई हजार मामले सामने आते हैं। डेंगू की दस्तक के बाद डॉक्टरों व प्रशासन द्वारा आम जनता को कुछ हिदायतें दी जाती हैं लेकिन डॉक्टर व प्रशासन इस मामले में खुद कितने लापरवाह रहे हैं, इसका उदाहरण डेंगू फैलने के बाद भी कमोवेश सभी राज्यों में जगह-जगह पर फैले कचरे और गंदगी के ढ़ेर तथा विभिन्न अस्पतालों में सही तरीके से साफ-सफाई न होने और अस्पतालों में भी मच्छरों का प्रकोप हर साल देखकर स्पष्ट रूप से मिलता रहा है।

डेंगू बुखार एक वायरल संक्रमण है। यह एक खतरनाक बीमारी है, जो ऐडीस मच्छर के काटने से होती है, जो हमारे घरों के आसपास खड़े पानी में ही पनपता है। ऐडीस मच्छर काले रंग का स्पॉटेड मच्छर होता है, जो प्रायः दिन में ही काटता है। डेंगू का वायरस शरीर में प्रविष्ट होने के बाद सीधे शरीर के प्रतिरोधी तंत्र पर हमला करता है। इस मच्छर का सफाया करके ही इस बीमारी से पूरी तरह से बचा जा सकता है। प्रायः मानसून के बाद ही डेंगू के ज्यादा मामले देखने को मिलते हैं। डेंगू प्रायः दो से पांच दिनों के भीतर गंभीर रूप धारण कर लेता है। ऐसी स्थिति में प्रभावित व्यक्ति को बुखार आना बंद हो सकता है और रोगी समझने लगता है कि वह ठीक हो गया है लेकिन वास्तव में ऐसा होता नहीं है बल्कि यह स्थिति और भी खतरनाक होती है। अतः बेहद जरूरी है कि आपको पता हो कि डेंगू बुखार होने पर शरीर में क्या-क्या प्रमुख लक्षण उभरते हैं। डेंगू के अधिकांश लक्षण मलेरिया से मिलते-जुलते होते हैं लेकिन कुछ लक्षण अलग भी होते हैं। तेज बुखार, गले में खराश, ठंड लगना, बहुत तेज सिरदर्द, थकावट, कमर व आंखों की पुतलियों में दर्द, मसूडों, नाक, गुदा व मूत्र नलिका से खून आना, मितली व उल्टी आना, मांसपेशियों व जोड़ों में असहनीय दर्द, हीमोग्लोबिन के स्तर में वृद्धि, शरीर पर लाल चकते (खासकर छाती पर लाल-लाल दाने उभर आना), रक्त प्लेटलेट (बिम्बाणुओं) की संख्या में भारी गिरावट इत्यादि डेंगू के प्रमुख लक्षण हैं।

## कैसे हो डेंगू से बचाव?

बीमारी कोई भी हो, उसके उपचार से बेहतर उससे बचाव ही होता है और डेंगू के मामले में तो बचाव ही सबसे बड़ा हथियार माना गया है। इसीलिए बारिश के मौसम से पहले ही लोगों को इसके बारे में जागरूक करना बेहद जरूरी हो जाता है क्योंकि उचित सावधानियां और सतर्कता बरतकर ही इस जानलेवा बीमारी से बचा जा सकता है। घर की साफ-सफाई का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है। आपके घर या आसपास के क्षेत्र में डेंगू का प्रकोप न हो, इसके लिए जरूरी है कि मच्छरों के उन्मूलन का विशेष प्रयास हो। डेंगू फैलाने वाले मच्छरों का पनपना रोकें। कुछ अन्य जरूरी बातों पर ध्यान देना भी बेहद जरूरी है। जैसे, अपने घर में या आसपास पानी जमा न होने दें। जमा पानी के ऐसे स्रोत ही डेंगू मच्छरों की उत्पत्ति के प्रमुख कारक होते हैं। यदि कहीं पानी इकट्ठा हो तो उसमें केरोसीन ऑयल या पैट्रोल डाल दें ताकि वहां मच्छरों का सफाया हो जाए। पानी के बर्तनों, टंकियों इत्यादि को अच्छी प्रकार से ढ़ककर रखें। कूलर में पानी बदलते रहें। यदि कूलर में कुछ दिनों के लिए पानी का इस्तेमाल न कर रहे हों तो इसका पानी निकालकर कपड़े से अच्छी तरह पोंछकर कूलर को सुखा दें। खाली बर्तन, खाली डिब्बे, टायर, गमले, मटके, बोतल इत्यादि में पानी एकत्रित न होने दें। बेहतर यही होगा कि ऐसे कबाड़ और इस्तेमाल न होने वाले टायर इत्यादि को नष्ट कर दें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि कहीं भी पानी जमा होकर सड़ न रहा हो। घर के दरवाजों, खिड़कियों तथा रोशनदानों पर जाली लगवाएं ताकि घर में मच्छरों का प्रवेश बाधित किया जा सके। पूरी बाजू के कपड़े पहनें। हाथ-पैरों को अच्छी तरह ढ़ककर रखें। मच्छरों से बचने के लिए मॉस्कीटो रिपेलेंट्स का प्रयोग कर सकते हैं लेकिन सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करना मच्छरों से बचाव का सस्ता, सरल, प्रभावी और हानिरहित उपाय है। डेंगू के लक्षण उभरने पर तुरंत योग्य चिकित्सक की सलाह अवश्य लें।

## अगर हो जाए डेंगू!

डेंगू हो जाने पर रोगी को हर हाल में पौष्टिक और संतुलित आहार देते रहना बेहद जरूरी है। डेंगू होने पर तुलसी का उपयोग बेहद लाभकरी है। आठ-दस तुलसी के पत्तों का रस शहद के साथ मिलाकर लें या तुलसी के 10-15 पत्तों को एक गिलास पानी में उबाल लें और जब पानी आधा रह जाए, तब पी लें। नारियल पानी पीएं, जिसमें काफी मात्रा में इलैक्ट्रोलाइट्स होते हैं, साथ ही यह मिनरल्स का भी अच्छा स्रोत है, जो शरीर में ब्लड सेल्स की कमी को पूरा करने में मदद करते हैं। विटामिन सी शरीर के इम्यून सिस्टम को सही रखने में मददगार होता है। इसलिए आंवला, संतरा, मौसमी जैसे विटामिन सी से भरपूर फलों का सेवन करें। बुखार होने पर पैरासिटामोल का इस्तेमाल करें और ध्यान रखें कि बुखार किसी भी हालत में ज्यादा न बढ़ने पाए लेकिन ऐसे मरीजों को एस्प्रिन, ब्रूफिन इत्यादि दर्दनाशक दवाएं बिल्कुल न दें क्योंकि इनका विपरीत प्रभाव हो सकता है। हां, उल्टियां होने पर रोगी को नसों द्वारा ग्लूकोज चढ़ाना अनिवार्य है। स्थिति थोड़ी भी बिगड़ती देख तुरंत अपने चिकित्सक से सम्पर्क करें।

# साइलेंट किलर की भूमिका में हाइपरटेंशन



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

हाइपरटेंशन या उच्च रक्तचाप, दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ती जानलेवा बीमारियों की जननी है, जिससे लाखों लोगों की समय से पहले मौत हो जाती है। अनियंत्रित उच्च रक्तचाप से दिल का दौरा या स्ट्रोक, धमनीविस्फार, दिल की धड़कन रुकना, गुर्दे संबंधित समस्याएं, आंखों की समस्या, चयापचयी समस्या, मनोभ्रंश, स्मृतिदोष जैसी जटिलताएँ उत्पन्न हो सकती हैं। उच्च रक्तचाप को साइलेंट किलर कहा जाता है क्योंकि साधारणत इसके लक्षण दिखाई नहीं देते और अचानक शरीर में आघात होता है। हर साल 17 मई को दुनियाभर में "विश्व उच्च रक्तचाप दिवस" हाइपरटेंशन के बारे में जागरूकता बढ़ाने, स्थिति का शीघ्र पता लगाने को बढ़ावा देने और स्वस्थ भविष्य के लिए उच्च रक्तचाप के प्रभावी प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। सामान्य बीपी अर्थात रक्तचाप 120/80 या उससे कम होता है। हाइपरटेंशन (उच्च रक्तचाप) तब होता है जब रक्त वाहिकाओं में दबाव सामान्य से बहुत अधिक (140/90 या अधिक) होता है, यह शुरुआत होती है, लेकिन अगर इलाज न किया जाए तो यह गंभीर हो सकता है। रक्त पंप करने के लिए हृदय को सामान्य से अधिक दबाव सहन करना पड़ता है। उच्च रक्तचाप का पता लगाने का एकमात्र तरीका अपने रक्तचाप की जांच करवाना है।

डब्ल्यूएचओ ने उच्च रक्तचाप के बारे में कुछ मुख्य तथ्य दर्शाए हैं, दुनिया भर में 30-79 वर्ष की आयु के अनुमानित 1.28 अरब वयस्कों को उच्च रक्तचाप है, जिनमें से अधिकांश (दो-तिहाई) निम्न और मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं। अनुमानित 46% वयस्क उच्च रक्तचाप से पीड़ित इस बात से अनजान हैं कि उन्हें यह समस्या है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित आधे से भी कम वयस्कों (42%) का निदान और उपचार किया जाता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित लगभग 5 में से केवल 1 वयस्क (21%) में यह स्थिति नियंत्रण में है। उच्च रक्तचाप दुनिया भर में असामयिक मृत्यु का एक प्रमुख कारण है, जिससे प्रति वर्ष 75 लाख मौतें होती है, जो वैश्विक स्तर पर लगभग 30 प्रतिशत मौतों के लिए जिम्मेदार है।



उच्च रक्तचाप में वैश्विक प्रभाव की स्थिति पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट में कहा गया है कि, यदि उच्च रक्तचाप से पीड़ित आधे लोग भी अपने रक्तचाप को नियंत्रण में रखें तो भारत देश में 2040 तक कम से कम 46 लाख असमय होने वाली मौतों को रोका जा सकता है। उच्च रक्तचाप से पीड़ित केवल 37 प्रतिशत भारतीयों का ही निदान हो पाता है और उनमें से केवल 30 प्रतिशत ही इलाज करा पाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में, देश में उच्च रक्तचाप से पीड़ित केवल 15 प्रतिशत लोगों में ही यह स्थिति नियंत्रण में है। वास्तव में, इसमें कहा गया है, देश में दिल का दौरा जैसी हृदय संबंधी बीमारियों के कारण होने वाली आधी से अधिक मौतों (52 प्रतिशत) का कारण उच्च रक्तचाप हो सकता है। जर्नल ऑफ हाइपरटेंशन के एक अध्ययन के अनुसार, भारत में उच्च रक्तचाप की समस्या सबसे अधिक है, लगभग 30 प्रतिशत भारतीय आबादी इससे पीड़ित है।

हममें से 90 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसे गलत खान-पान का सेवन कर रहे हैं, जो जानवरों के भी खाने लायक नहीं है। तैलीय, मसालेदार, नमकीन, मैदा, मीठा और प्रोसेस्ड भोजन हमारे शरीर में धीमे जहर की तरह काम करते हैं, जो हमें घातक बीमारियों से मौत के मुँह में धकेलते है। आधुनिकता और दिखावा मनुष्य के विनाश का कारण बन गया है, आधुनिकता केवल हमारे विचारों में होनी चाहिए, ये मनुष्य समझ ही नहीं रहा है, कि भौतिक सुख सब कुछ नहीं है। भौतिक सुख-सुविधा पर निर्भरता ने मनुष्य को काफी हद तक मानसिक और शारीरिक तौर पर कमजोर कर दिया है, जिससे मनुष्य की सहनशक्ति, विचारशक्ति क्षीण होकर तनाव, चिड़चिड़ापन, दुर्व्यवहार और स्वार्थीवृत्ति में लगातार वृद्धि हुयी है। इससे सामाजिक समस्याओं में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है, जिसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। बड़ी उम्र, आनुवंशिकी, अधिक वजन या मोटापा, शारीरिक रूप से सक्रिय न रहना, अधिक नमक वाला आहार, बहुत अधिक धूम्रपान, शराब पीना जैसी स्थिति उच्च रक्तचाप होने का ख़तरा बढ़ाता है।

ग्रामीण आबादी के मुकाबले सुविधा संपन्न शहरी जनसंख्या अधिक बीमारियों का बोझ ढोते है। शहर में विकास के नाम पर शरीर कमजोर हो गए है। प्रदूषण, तनाव, गलत खानपान, व्यसन, अनिद्रा, मिलावटखोरी, व्यायाम की कमी, संसाधनों पर निर्भरता अर्थात आधुनिक जीवनशैली ने शारीरिक और मानसिक तौर पर हमें बीमार बनाया है। अब हार्ट अटैक या स्ट्रोक उम्र देखकर नहीं बल्कि छोटे बच्चों से लेकर किसी को भी, कभी भी हो सकता है। प्रदूषित वातावरण इस हद तक बढ़ गया है कि गर्भावस्था के दौरान भी गर्भ में पल रहे बच्चों में विकलांगता और जानलेवा बीमारियों में वृद्धि हो रही है। स्वास्थ्य सम्बंधित बढ़ती समस्याओं के मूल कारण की ओर लोगों में विशेष जागरूकता नजर नहीं आती है। बीमारियां लगातार क्यों बढ़ रही है, इसके प्रति समाज और देश में बड़े पैमाने पर इतिहास रचने लायक जनजागृति और कड़े नियमों, कानूनों की आवश्यकता है। स्वास्थ्य से खिलवाड़ होने लायक कोई भी गतिविधि देश में नहीं होनी चाहिए, ये पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की है और सरकार को पूरा सहयोग करने की नैतिकता जनता की है।

हाइपरटेंशन के रोकथाम में दवा और आधुनिक जीवनशैली में बदलाव के साथ-साथ अधिक हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल खाएं, ज्यादा देर तक लगातार बैठना टाले, शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहें, जैसे चलना, दौड़ना, तैरना, नृत्य करना या वजन उठाने जैसी ताकत बढ़ाने वाली गतिविधियां अपनी दिनचर्या में शामिल करें। अपने वजन को संतुलित रखें, तनाव को कम करके नियमित रूप से रक्तचाप की जाँच करें, समस्या हो तो योग्य उपचार करना आवश्यक है, चिकित्सक अनुसार देखभाल करें और औषधि लें।

सकारात्मक विचारशैली, हेल्दी हॉबी, पोषक आहार, नशे से मुक्ति, स्वच्छता और रोजाना व्यायाम जैसी आदतें हमें बीमारियों से कोसों दूर रखती है। आज के युग की समस्या की सबसे बड़ी जड़ अर्थात झूठा दिखावा और लोगों से ज्यादा अपेक्षाएं है जो इंसान की सोच को कमजोर करती है, अगर हम ऐसे बेमतलब की बातों से दूर रहेंगे तो हम भावनात्मक रूप से मजबूत बनेंगे, जो मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहद आवश्यक है। निस्वार्थ परोपकार, समाज सेवा, प्रकृति और जानवरों से प्रेम, देश और समाज के प्रति नैतिक जिम्मेदारियों को निभाने से मानसिक शांति और आंतरिक संतुष्टि मिलती है कि हम इंसान बनकर जी रहे हैं, जो आज के समय में बहुत आवश्यक है, यह तनाव मुक्त जीवन जीने का एक आसान तरीका है।

# आधुनिक जीवन का अभिशाप है हाई ब्लडप्रेशर



ललित गर्ग

उच्च रक्तचाप यानी हाई ब्लड प्रेशर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसके रोकथाम, पहचान और नियंत्रण को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल 17 मई को 'विश्व उच्च रक्तचाप दिवस मनाया जाता है।' वर्तमान में दुनिया भर में उच्च रक्तचाप से करीब डेढ अरब से अधिक लोग पीड़ित हैं। दुनिया भर में उच्च रक्तचाप वाले अनुमानित 46 फीसदी लोग इस बात से अनजान हैं कि उन्हें उच्च रक्तचाप है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक उच्च रक्तचाप वाले पांच में से सिर्फ एक वयस्क इसे नियंत्रण में रखता है, जिसका अर्थ है कि 80 फीसदी को भारी खतरा है, जिसमें दिल का दौरा, स्ट्रोक, अनियमित दिल की धड़कन और गुर्दे को नुकसान पहुंचना आदि शामिल है। इस वर्ष की थीम के तहत 'अपने रक्तचाप को सटीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें और लंबे समय तक जीवित रहें', इस पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उच्च रक्तचाप के प्रमुख कारण हैं मोटापा, तनाव, अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, नियमित शारीरिक गतिविधि न करना, धूम्रपान, अल्कोहल, आहार में सोडियम (नमक) की अत्यधिक मात्रा और मधुमेह जैसी कुछ स्थितियाँ भी इसका कारण बन सकती हैं। गर्भावस्था के दौरान भी उच्च रक्तचाप हो सकता है।

नयी सदी की दहलीज पर खड़े महत्त्वाकांक्षी युवा-वर्ग के सामने प्रतिस्पर्धाओं का अंतहीन माहौल है। यदि वह इस बाधा दौड़ में हारता है, तो नकारात्मक तनावों से घिर जाता है, यदि जीतता है तो नयी-नयी स्पर्धाओं का चुनौति भरा संघर्ष फिर शुरू हो जाता है। अपनी विजय को स्थायी रखने तथा नये-नये कीर्तिमान स्थापित करने के लिए छल-प्रपंच और झूठ का सहारा लेता है। वैज्ञानिक कहते हैं दुनिया में जितना अधिक झूठ बढ़ा है, उतना ही अधिक हाई ब्लड प्रेशर का खतरा भी बढ़ा है। झूठ का रास्ता कभी सीधा नहीं होता। उबड़-खाबड़, टेढ़ा-मेढ़ा और घुमावदार होता है वह। कुटिल व्यक्ति के विचार सदा प्रदूषित रहते हैं। यह मन का प्रदूषण उच्च रक्तचाप की जड़ है। उच्च रक्तचाप से जुड़े तमाम खतरों के बीच प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुओं (अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड) का बढ़ता चलन चिंताजनक है। चिंता इसलिए कि खतरों को जानते-बूझते भी ऐसे खाद्य पदार्थों की बाजार में उपलब्धता ज्यादा होने लगी है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के हाल ही में सामने आए एक अध्ययन में बताया गया है कि नियमित रूप से प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाने से समय पूर्व मौत का जोखिम चार फीसदी बढ़ जाता है, जिसमें उच्च रक्तचाप प्रमुख है। आमतौर पर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ रेडी टू यूज होते हैं। पैकेट वाले स्नैक्स, डिब्बाबंद फूड, कोल्ड ड्रिंक इसकी श्रेणी में आते हैं। हाई ब्लडप्रेशर का खतरा महिलाओं से ज्यादा पुरुषों में होता है। इससे बचने के लिए न केवल डाइट और लाइफ स्टाइल पर ध्यान देने की जरूरत है बल्कि तनाव को कम करना और शरीर को सक्रिय बनाए रखने के लिए एक्सरसाइज भी बेहद जरूरी है। आजकल 18 साल से 50 वर्ष के लोग हाइपरटेंशन के अधिक शिकार हैं। हालांकि साठ साल की उम्र से पहले पुरुषों में उच्च रक्तचाप का खतरा ज्यादा रहता है, पर बाद में स्त्री-पुरुष दोनों में ही खतरे की आशंका बराबर होती है।

देखा गया है कि जो व्यक्ति गुस्सा नहीं करते, वो कम बीमार होते हैं। जिस व्यक्ति को गुस्सा ज्यादा आता है, उनमें ब्लडप्रेशर, हाइपरटेंशन, गंभीर रूप से पीठ में दर्द की शिकायत देखी गई है। इसके साथ ही ऐसे लोगों को पेट की शिकायत भी हो सकती है। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस उच्च रक्तचाप की रोकथाम और नियंत्रण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह लोगों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसमें नियमित व्यायाम करना, स्वस्थ भोजन और संतुलित आहार खाना, तंबाकू, अत्यधिक शराब और धूम्रपान से बचना शामिल है। जीवनशैली में ये बदलाव उच्च रक्तचाप और इसकी जटिलताओं के जोखिम को कम करने में मदद कर सकते हैं। व्यक्ति की भावनाएं, सोच, विचार और आदत में अन्तरसंबंध होता है। हमारे विचार, हमारे सोच को प्रभावित करते हैं और सोच से आदत बदलती है। इसके लिए आपको नियमित व्यायाम करना चाहिए। विश्व उच्च रक्तचाप दिवस का एक प्रमुख संदेश नियमित रक्तचाप की निगरानी का महत्व है। उच्च रक्तचाप को अक्सर 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि आमतौर पर इसके कोई लक्षण नहीं होते हैं जब तक कि यह गंभीर जटिलताएं पैदा न कर दे। नियमित रक्तचाप जांच से उच्च रक्तचाप का शीघ्र पता लगाने और जटिलताओं को रोकने के लिए समय पर हस्तक्षेप करने में मदद मिल सकती है। स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर द्वारा बताई गई दवाएं लेना भी शामिल है। चिकित्सा-विज्ञान की अपूर्व प्रगति ने मनुष्य को इस जीवनघाती व्याधि से बचाने में कल्पनातीत सहयोग दिया है। रोग-निदान करने वाले अति संवेदी सूक्ष्म उपकरण, औषध-विज्ञान और सफल शल्य-क्रिया-ये सब किसी मृत्युंजयी तत्त्व से कम नहीं हैं। आश्चर्य तो इस बात का है कि इतना सब कुछ होते हुए भी उच्च रक्तचाप जैसी जानलेवा बीमारी का राक्षसी-पंजा नियंत्रण के बाहर है। जो चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं, वे आम-आदमी के लिए अलभ्य हैं। इस महंगी चिकित्सा-सेवा के द्वारा संपन्न व्यक्ति भले ही मृत्यु के निमंत्रण को एक अवधि तक टाल दें, किंतु गरीबों की दयनीय दशा की कल्पना कौन कर सकता है? मियामी विश्वविद्यालय अमेरिका के वैज्ञानिकों/डॉक्टरों ने अपनी संयुक्त विज्ञप्ति में अपील की है कि मानसिक तनावों को अपने पर हावी न होने दें। इस संबंध में लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के तौर-तरीके सिखाने चाहिए। उनका मानना है कि निरंतर तनाव-ग्रस्त रहने और भोजन में चिकने पदार्थों का अधिक सेवन करने वालों पर हाई ब्लड प्रेशर का आक्रमण आसानी से हो जाता है। तनाव मुक्त रहने से शरीर की रोग-प्रतिरोधक शक्ति सुरक्षित रहती है।

तमाम तरह के शोध इस बात का खुलासा करते रहे हैं कि ऐसे डिब्बा बन्द खाद्य पदार्थों में शुगर, फैट और नमक की मात्रा काफी अधिक होती है, जबकि फाइबर व अन्य पोषक तत्व कम होते हैं। इसीलिए प्रसंस्कृत खाद्य वस्तुएं उच्च रक्तचाप से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा देती हैं। लोग बेपरवाह होकर प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। खास तौर से नई पीढ़ी को ऐसी खाद्य वस्तुएं अधिक लुभा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन और इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनॉमिक रिलेशंस की ओर से जारी एक रिपोर्ट में पाया गया कि भारत का प्रसंस्कृत खाद्य बाजार 2011 से 2021 तक 13.37 फीसदी की सालाना दर से बढ़ा है। हालांकि कोविड-19 महामारी के दौरान इस क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 5.50 प्रतिशत रह गई थी, लेकिन यह अस्थायी दौर था। इसके बाद फिर इनकी उपलब्धता सहज होने लगी। उच्च रक्तचाप से ग्रस्त रोगियों में नियंत्रित परीक्षणों से पता चलता है कि पूरक पोटेशियम, फाइबर, एन-3 फैटी एसिड और फलों और सब्जियों से भरपूर और कम संतृप्त वसा वाले आहार से रक्तचाप में कमी आती है। कुछ जनसंख्या अध्ययन आहार प्रोटीन और रक्तचाप के स्तर के बीच विपरीत संबंध दिखाते हैं। नियमित रूप से कॉफी पीने से उच्च रक्तचाप के रोगियों में रक्तचाप बढ़ जाता है। 'तनाव' की भूमिका रहस्यमय बनी हुई है, 'नौकरी का तनाव' एवं 'पारिवारिक तनाव' उच्च रक्तचाप के लिए एक संभावित स्वतंत्र जोखिम कारक है।

चिंता इस बात की है कि खतरनाक बन रही खाद्य वस्तुओं को बाजार से हटाने का भारत में मजबूत तंत्र नहीं है। यहां तक कि शराब और धूम्रपान जैसे नशे की चीजों को नियंत्रित करने के लिए भी कोई ठोस नीति नहीं है। असल में उच्च रक्तचाप को लेकर सरकारी स्तर पर कोई चिंतन एवं चिन्ता भी नजर नहीं आती। यह बात सही है कि केंद्र और राज्य की सरकारों ने लोगों के पोषक आहार के लिए कई कार्यक्रम चलाए हैं, लेकिन बाजार में बिक रही उच्च रक्तचाप के लिए नुकसानदेह वस्तुओं पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस नीति नहीं है। लुभाने वाले विज्ञापन इन उत्पादों को बढ़ावा दे रहे हैं। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ की किसी को इजाजत नहीं दी जा सकती। जरूरी है कि सरकार नुकसानदायक खाद्य पदार्थों को लेकर सख्त विज्ञापन और विपणन नीति तो बनाए ही, इसे सख्ती से लागू भी करे।

# यूपी में मिशन 80 का लक्ष्य साधती 'मोदी-योगी' की जोड़ी



आरके सिन्हा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत मंगलवार को पवित्र वाराणसी में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए अपना पर्चा भरने से एक दिन पहले जब काशी में रोड शो निकाला तो उनके साये की तरह साथ रहने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी थे। रोड शो के सारे मार्ग में काशी की जनता ने मोदी-योगी का जिस उत्साह से अभूतपूर्व स्वागत किया उसने स्वतः कई ठोस संकेत दे दिए। वैसे भी लोकसभा चुनाव के समर में सारे देश की निगाहें उत्तर प्रदेश पर लगी हुई हैं। सब जानने को उत्सुक हैं कि आगामी 4 जून को यूपी किस पार्टी को दिल्ली की सत्ता की चाबी सौंपेगा। सियासी गलियारे में वैसे भी यह कहावत पुरानी है कि दिल्ली के सिंहासन का रास्ता यूपी से होकर गुजरता है। यानी जिस पार्टी के पास यूपी में सबसे अधिक सीटें होंगी, प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंचने का उसका रास्ता उतना ही आसान होगा। यही वजह है कि यूपी की 80 सीटों पर जीत हासिल करने के लिए राजनीतिक दल 2024 लोकसभा चुनावों में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे।

अलबत्ता सियासी पैंतरेबाजी से उलट राजनीतिक विश्लेषक यही मान रहे हैं कि इस बार यूपी में लोकसभा चुनाव के परिणाम अप्रत्याशित नहीं होंगे। भाजपा 2019 लोकसभा चुनावों का प्रदर्शन बखूबी दोहराएगी। मोदी और योगी की जोड़ी एक बार फिर करिश्माई प्रदर्शन करेगी। दरअसल, मोदी-योगी की जोड़ी जीत की गारंटी बन चुकी है, जिसके आगे विपक्षी तेवर भी ढीले नजर आते हैं। विपक्ष के पास इस जोड़ी की कोई काट नहीं। भाजपा अगर यूपी में लोकसभा की सभी 80 सीटों पर जीत के लक्ष्य के साथ चुनावी मैदान में ताल ठोंक रही है, तो उसके पीछे भी इसी जोड़ी का भरोसा है। प्रधानमंत्री कई बार सार्वजनिक मंचों से योगी के विकास मॉडल की तारीफ कर चुके हैं। प्रधानमंत्री इसी मॉडल के जरिए यूपी की सभी सीटों पर जीत का दावा भी कर रहे हैं। जैसा कि अमरोहा की अपनी चुनावी जनसभा में प्रधानमंत्री ने कहा भी कि 'लिखकर ले लीजिए। सात साल से यूपी में योगी की सरकार है। 2019 लोकसभा चुनाव के समय उन्हें दो ही साल काम करने का मौका मिला था। अब तो सात साल हो गए हैं। योगी ने दिखा दिया है कि गर्वनेंस क्या होता है। कानून व्यवस्था क्या होती है। विकास क्या होता है और इसलिए योगी के नेतृत्व में इस बार रिकॉर्ड टूटेगा। इस बार 2014 और 2019 का रिकॉर्ड टूटेगा और यूपी इतिहास रचेगा।'



यूपी के चुनावी सफर में 2014 का लोकसभा चुनाव मील का पत्थर साबित हुआ। इसी साल यूपी में भाजपा का सियासी वनवास पूरा हुआ। उस समय भाजपा के सामने कोई गठबंधन नहीं था। भाजपा ने करीब 43 फीसदी वोट हासिल करते हुए 80 में से 71 सीटों पर जीत दर्ज की थी। समाजवादी पार्टी ने पांच सीटें जीती। जबकि, कांग्रेस मात्र 2 सीटों पर ही सिमटकर रह गई थी। बसपा का तो खाता भी नहीं खुला था। 2019 लोकसभा चुनाव में मोदी लहर और योगी के कार्यों के दम पर बीजेपी ने चुनावी दंगल में पुनः ताल ठोंकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो साल का कार्यकाल पूरा कर चुके थे। नरेंद्र मोदी को रोकने के लिए समाजवादी पार्टी और बसपा साथ आए। रालोद ने भी साथ दिया। हालांकि चुनाव परिणाम पुनः भाजपा के पक्ष में ही रहा। भाजपा ने करीब 50 फीसदी वोट शेयर के साथ 61 सीट जीती। बसपा 10 सीट, सपा 5 सीट और कांग्रेस के खाते में महज एक सीट आई।

योगी ने 2019 के बाद एक मजबूत और कड़े फैसले लेने वाले मुख्यमंत्री की छवि बनाई और जिसकी परिणिति उत्तरप्रदेश में बुलडोजर के रूप में सामने आई। जो कहीं न कहीं 2022 विधानसभा चुनाव में भाजपा का चुनावी सिंबल सा बन गया। मुख्यमंत्री ने राज्य में कानून व्यवस्था के मोर्चे पर अपने प्रदर्शन के चलते चुनाव को आभासी जनमत संग्रह बना दिया था। भाजपा ने चुनावों में ऐतिहासिक वापसी की और तीन दशकों से चल रहा समाजवादी पार्टी की साइकिल का पहिया पूरी तरह रुक गया। यूपी में भाजपा का वोट प्रतिशत भी 2014 के बाद से लगातार 40 फीसद के ऊपर ही बना हुआ है।

विगत दो लोकसभा चुनावों के मुकाबले 2024 चुनाव में स्थिति बिल्कुल अलग है। सपा ने इस बार कांग्रेस से हाथ मिला लिया है जबकि बसपा अकेले ताल ठोंक रही है। रालोद भी इस बार भाजपा के साथ है। एनडीए ने जातीय समीकरण बैठाने के लिए अपना दल (एस), निषाद पार्टी और सुभासपा जैसे क्षेत्रीय दलों के साथ भी गठबंधन किया है।

भाजपा इस लोकसभा चुनाव में यूपी में बेहतर स्थिति में है तो इसमें केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों के साथ योगी मॉडल का अहम योगदान है। केंद्र में जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारा। जिस तरह गरीब, युवा, महिला और किसानों के जीवन में खुशहाली लेकर आए उसी तरह योगी ने यूपी में सुशासन का राज कायम काम किया। योगी के सुशासन को अगर आंकड़ों के पैरामीटर पर देखें तो यह जानकर संतुष्टि होती है कि सात साल के कार्यकाल में एक भी दंगे नहीं हुए। जबकि पहले के मुख्यमंत्रियों के समय औसतन हर तीसरे-चौथे दिन एक दंगा होता था। यह किसी से छिपा नहीं है कि पहले पेशेवर माफिया और अपराधी सत्ता के संरक्षण में दहशत फैलाते थे।

योगी राज में माफियाओं पर लगाम लगी। यूपी में जनता अब भयमुक्त है, अपराधियों के मन में कानून का खौफ है। पुलिस अपराधियों, माफियों और दंगाइयों पर कहर बनकर टूटी है। उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त, भयमुक्त एवं दंगामुक्त हुआ है। प्रदेश में पुलिस के डर से बड़े-बड़े अपराधी और माफिया प्रदेश छोड़कर या तो भाग गए या उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिए हैं। यूपी में विकास योजनाओं को अमलीजामा पहनाने में केंद्र सरकार ने भी भरपूर साथ दिया। यही वजह है कि केंद्र की योजनाओं यूपी में खूब फलीभूत हुई। जिस कारण यूपी की अर्थव्यवस्था में गुणात्मक सुधार हुए। वर्ष 2016-17 के मुकाबले राज्य का सकल घरेलू उत्पाद(जीएसडीपी) दोगुनी होकर 25 लाख करोड़ तक पहुंच गया। राज्य सरकार ने 2027 तक प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश का बजट 2016-17 में जहां 3.46 लाख करोड़ रुपये का था वहीं 2024-25 में यह दोगुने से भी अधिक 7.36 लाख करोड़ रुपये का हो गया। विकास के इन्हीं आंकड़ों की बदौलत भाजपा यूपी में मिशन 80 का लक्ष्य हासिल करने का दावा कर रही है। लोकसभा चुनावों में कौन बाजी मारेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है लेकिन इतना तय है कि मोदी-योगी की जोड़ी पर यूपी की जनता का विश्वास बना हुआ दिख रहा है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

## संक्षिप्त समाचार

### सचिव, डीएलएसए रेखा यादव द्वारा बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर का निरीक्षण कर, जाने बच्चों से हालात



**चमकता राजस्थान।** धौलपुर (रामदास तरुण) आज दिनांकः-15.05.2024 को सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) धौलपुर रेखा यादव द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाल गृह के उपेक्षित बालक एवं संप्रेषण गृह के अपचारी बालकों से रूबरू होकर गृह में बालको को मिल रही मूलभूत सुविधाओं, भोजन, स्वच्छ पेयजल व अन्य आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा आवशयक निर्देश दिये। इस अवसर पर अधीक्षक, संप्रेषण गृह रामराज मीणा, कनिष्ठ सहायक संजय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर के सुरेन्द्र सिंह सहित गृह के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### जीवनदान ग्रुप आज हमारे देश एवं समाज के हर वर्ग के लिए एक बरदान साबित हो रहा है



**चमकता राजस्थान। भरतपुर,(राजवीर सिंह)** राजस्थान के भरतपुर जिले मे 15 मई 2024 को रनजीत नगर स्थित कच्ची बस्ती मे जीवनदान ग्रुप के सहयोग से जरूरतमंद लोगो को खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।जिसमे जिला कोर्डिनेटर के रुप मे कार्यरत राकेश सिंह फौजदार,ममता सिनसिनवार,अनीता सिंह चौधरी , संगीता अरोडा , लक्ष्मी देशवाल,रचना गुप्ता,कपिल प्रजापति पालवेन्दर आदि सस्था सदस्यो ने घर घर जाकर खाद्य सामग्री एवं सहयोग राशि के रुप मे मदद कर लोगो को सीधे तौर पर सहायता पहुंचाई,जीवनदान ग्रुप मे समाजसेवा करके आप भी बनाए अपना सुरक्षित एवं शानदार कैरियर और अपने समाज मे एक विशेष पहचान। हमारे देश मे जीवनदान ग्रुप की शुरुआत वटउअ ऋ४ल्ल३ल्ल के रूप मे 2019 से ताजनगरी आगरा शहर से हुई थी आज देश के हर प्रांत मे संचालित है, जीवनदान ग्रुप के साथ जुडकर काम करने पर आपको समाजसेवा का भरपूर मौका मिलता है देश के प्रत्येक राज्य और शहर मे समाजहित मे आज यह संस्था देश हित एवं समाज हित मे प्रयासरत है।यहां पर बेटियों के अग्रीण विकास के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना,महिलाओं के लिए घर पर रोजगार उपलब्ध कराना,सभी वर्ग समुदाय की बेटियों के विवाह मे सहयोग हेतु कन्यादान योजना, हर बर्ग के लिए रोजगार की जरूरत को पूरा करना,सभी वर्ग बिशेष के लोगो के लिए स्वयं का मकान देने का लक्षय,सभी बर्ग के लोगो को स्वरोजगार हेतु 20% छूट के साथ ब्याज मुक्त श्रृण उपलब्ध कराना, हमारे परिवार को आपालकालीन परिस्थिति मे बिशेष रूप से सहयोगराशि एवं दानराशि देकर सहयोग करना जीवनदान संस्था का मूल उद्देशय है।अधिक जानकारी के लिए एवं सहयोग के लिए आप ऑनलाइन भी हमारी संस्था की संबंधित बेबसाइड पर विजिट कर सकते है । संपर्कः 9116858170।

### टोडरमल कॉलेज की पूर्व में अध्यनरत छात्रा को गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर दी बधाई

- रामपुरा की अंकिता कुमावत है महाविद्यालय की पूर्व मैं अध्यनरत छात्रा
- टोडरमल पीजी महाविद्यालय एवं परिवार में खुशी का माहौल

**चमकता राजस्थान/उदयपुरवाटी ’ (सुमेर सिंह राव)।** कस्बे में घूम चक्कर के पास स्थित टोडरमल पीजी महाविद्यालय में सत्र 2021-22 में एम .ए. फाइनल राजनीति विज्ञान में अध्यनरत छात्रा अंकिता कुमावत पुत्री महेंद्र कुमावत रामपुरा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विशवविद्यालय सीकर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है ’ पंडित पंडित



दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय द्वारा जारी सूची में रामपुरा की अंकित कुमावत पुत्री महेंद्र कुमावत का भी नाम है ’ अंकित कुमावत को गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर जहां उनके परिवार में जश्न का माहौल है वहीं उदयपुरवाटी टोडरमल पीजी महाविद्यालय की अध्यक्षा रंजना सिंह सचिव पवन मिश्रा, एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर फुलाराम कुमावत के अलावा महाविद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता सज्जन कुमार शर्मा, राजेंद्र ढेनवाल, विनोद बरबड, बाबूलाल सैनी, सरवन कुमार चौधरी, करतार सैनी, महाविद्यालय के वरिष्ठ लिपिक प्रवीण कुमार शर्मा के अलावा विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं व्याख्याता गणों ने छात्रा अंकिता कुमावत को बधाई प्रेषित करते हुए इसे एक बहुत बड़ी उपलब्धि बताया है ’

---

### आठ बीघा भूमि पर तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने लालकोठी योजना में तीन मंजिला अवैध बिल्डिग को किया सील

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 मई।** जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते द्वारा जोन-3 में लालकोठी योजना में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के बनी 03 मंजिला अवैध बिल्डिग की नियमानुसार पु×खुता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जोन-14 में निजी खातेदारी की करीब 08 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों का पूर्णतः ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन ने महेन्द्र कुमार शर्मा बताया कि जोन-03 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित लोलकोठी योजना के भूखण्ड संख्या- स्पेषल 01 में जेडीए की बिना अनुमति व स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ 03 मंजिला अवैध निर्माण किये जाने पर धारा 32, 33 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध निर्माण बन्द करवाया जाकर हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा अवैध निर्माण





नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर धारा-34(क) का नोटिस जारी कर आज दिनांकः 15.05.2024 को उक्त 03 मंजिला अवैध बिल्डिग के प्रवेष द्वारो इत्यादि को इंजीनियरिंग की शाखा की मदद से ईटों की दीवारो से चुनवाकर गेटो, शटर पर ताले सील चपडी लगाकर नियमानुसार पुख्ता सीलिंग की कार्यवाही की गई। जविप्रा द्वारा सीलिंग में हुये व्यय-खर्च की नियमानुसार संबंधित से वसूली की जायेगी। उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-03, 10 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित वाटिका से बासडोली रोड, दीपशिखा इंटरनेशनल कॉलेज के पीछे जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रैवल सड़कें, निर्माणाधीन 02 कमरे, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मषीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।इसी प्रकार जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित बाजडोली रोड़ दीपषिखा इंटरनेशनल स्कूल के पीछे जिला जयपुर में ही दूसरी करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई ग्रेवल सड़कें, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाही प्रवर्तन अधिकारी जोन-14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

---

## गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना है पुण्य का कार्य शासन सचिव, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग

### आमजन के लिए गांधीनगर कार्यालय में मिलेगा शुद्ध एवं ठंडा पानी

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 मई। गर्मी के मौसम में प्यासों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। भीषण गर्मी में किसी को पानी मिल जाए तो वह अमृत के समान होता है। गर्मियों के समय में आने वाले आमजन के लिए वाटर कूलर से शुद्ध एवं शीतल जल की उपलब्धता रहेगी।जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ समित शर्मा ने विभाग के गांधीनगर स्थित कार्यालय में अधिकारियों और कार्मिकों के आर्थिक सहयोग से स्थापित किए गए वाटर कूलर के शुभारंभ के दौरान यह बात कही। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव



सुधांश पंत ने प्रदेश में ग्रीष्म ऋतु में राजकीय कार्यालय, विद्यालयों, अस्पतालों बस स्टैंड एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर वॉटर कूलर के माध्यम से आम जन के लिए शीतल पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का आ''ान किया है। पंत ने इस बारे में सभी विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव और शासन सचिव को पत्र लिखकर आवशयक व्यवस्थाओं के लिए निर्देश प्रदान किए हैं। इसी क्रम में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जयपुर में गांधीनगर स्थित कार्यालय में आमजन के लिए वाटर कूलर स्थापित करने की यह पहल की गई है।

शासन सचिव ने बताया कि वाटर कूलर कार्यालय के प्रवेश द्वार के पास स्थापित किया हैं। इस वाटर कूलर से आने -जाने वाले आमजन को शुद्ध एवं ठंडा पेयजल प्रतिदिन 24 घंटे उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि आमजन की प्यास बुझाने के लिए स्वच्छ ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए धार्मिक संस्थाओं एवं भामाशाहों के सहयोग से सभी कार्यालय में प्याऊ अथवा वाटर कूलर लगाने के लिए प्रेरित करें।उन्होंने अन्य संस्थाओं से भी गर्मी के मौसम में प्याऊ एवं वाटर कूलर लगाने की अपील की है।इस अवसर पर मुख्य अभियंता (शहरी) राकेश लुहाडिया अतिरिक्त मुख्य अभियंता (द्वितीय) अमिताभ शर्मा सहित विभाग के अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

---

### राष्ट्रीय मीणा युवा महासभा ने सीएम के नाम अति जिला कलेक्टर भरतपुर को सौंपा ज्ञापन



**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)** राष्ट्रीय मीणा युवा महासभा भरतपुर द्वारा राजस्थान सरकार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम भरतपुर अतिरिक्त जिला कलेक्टर नीरज कुमार मीणा को अंकित हत्या प्रकरण को लेकर ज्ञापन दिया गया जिसमे युवा महासभा के संभाग अध्यक्ष विक्रम मीणा (बाबा जी नगला) ने बताया कि 10 मई को गंगापुर निवासी अंकित मीणा की धारदार हथियार से नृशंश पूर्वक हत्या कर दी। इस प्रकरण में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने हेतु मुख्यमंत्री से निम्न मांगे रखी गई जिला अध्यक्ष हरेंद्र मीणा बालोत ( पक्का बाग) ने बताया कि अंकित मीणा के हत्यारो की एसओजी जांच हो और हत्यारो को फांसी की सजा हो और मृतक अंकित मीणा की पत्नी को सरकारी नौकरी व 50 लाख आर्थिक सहायता दी जाए। हरेंद्र मीणा ने बताया अगर सरकार मांग नही मानती है तो अनिश्चितकालीन आमरण अनशन व धरना जारी रहेगा इस मौके पर विपुल मीणा,योगेश मीणा,आदि उपस्थिति रहे।

### दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की महत्वपूर्ण मीटिंग हुई आहूत



**जयपुर (खलील कुरैशी)।** दिनांक 15/5/2024 को दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की मीटिंग आहूत की गई इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत ने बताया कि इस महत्वपूर्ण समीक्षा मीटिंग में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और साथ ही साथ अधिवक्ताओं की समस्याओं के सुनवाई निपटारे के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया जिसका प्रस्ताव सर्व सम्मति से लिया गया। तथा काफी समय से पेंडिंग बार में मनोनीत सदस्य की चुनने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें राजेश मीणा,नन्द सिंह रोशन शर्मा,इमरान खान अधिवक्ताओं को मनोनीत सदस्य बनाया गया जिनका मीटिंग में मौजूद सभी अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर ज़ोरदार अभिवादन किया गया।

---


## दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की महत्वपूर्ण मीटिंग हुई आहूत

### बार में मनोनीत सदस्य चुनने का प्रस्ताव भी किया सर्व सम्मति से पारित : गजराज सिंह राजावत

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) दिनांक 15/5/2024 को दी डिस्ट्रिक्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन की मीटिंग आहूत की गई इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए अध्यक्ष गजराज सिंह राजावत ने बताया कि इस महत्वपूर्ण समीक्षा मीटिंग में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और साथ ही साथ अधिवक्ताओं की समस्याओं के सुनवाई निपटारे के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया जिसका प्रस्ताव सर्व सम्मति से लिया गया। तथा काफी समय से पेंडिंग बार में मनोनीत सदस्य की चुनने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें राजेश मीणा,नन्द सिंह रोशन शर्मा,इमरान खान अधिवक्ताओं को मनोनीत सदस्य बनाया गया जिनका मीटिंग में मौजूद सभी अधिवक्ताओं ने माल्यार्पण कर ज़ोरदार अभिवादन किया गया।


---

## शक्ति दिवस मॉनिटरिंग में दौसा जिला राजस्थान में प्रथम

### एनीमिया मुक्त राजस्थान के तहत दौसा जिले में हो रहा अच्छा कार्य

चमकता राजस्थान

**दौसा।** एनिमिया मुक्त राजस्थान अभियान की मॉनिटरिंग में दौसा जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने अन्य सह विभागों के साथ मिलकर यह उपलब्धि हासिल की है।अभियान के दौसा जिला नोडल अधिकारी और डिप्टी सीएमएचओ (परिवार कल्याण) डॉ महेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस का आयोजन सभी सीएचसी, पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य केंद्रों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, राजकीय विद्यालयों पर



किया जाता है। जिसमें 6 से 59 महीने के बच्चों को सिरप और 6 से 9 साल के बच्चों को आयरन की पिंक और 10 से 19 साल के बालक बालिकाओं को नीली गोलियां निशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। जिससे आयरन की कमी से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सकता है। साथ ही गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को भी आयरन की गोलियां और एनीमिया वाली महिलाओं को आयरन सुक्रोज के इंजेक्शन भी निशुल्क लगाए जाते हैं। जिससे सभी स्वस्थ रहें।डॉ गुर्जर ने बताया कि अभियान की सख्त मॉनिटरिंग के लिए शिक्षा विभाग के सीडीईओ गोविंद नारायण माली और आईसीडीएस विभाग के डीडी विजय सिंह के साथ मिलकर संयुक्त रूप से अभियान की लगातार प्रत्येक मंगलवार मॉनिटरिंग की गई और अभियान को मिशन मोड पर चलाया गया। इसी का परिणाम रहा कि दौसा जिला प्रथम स्थान पर रहा। उन्होंने बताया कि दौसा जिले में आयरन की दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं और समय पर चिकित्सा संस्थाओं, आंगनबाडी केन्द्रों और स्कूलों को वितरण भी किया जा रहा है। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (परिवार कल्याण) डॉ महेंद्र सिंह गुर्जर, बीसीएमओ दौसा अमित राय शर्मा, एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के रीजनल कोऑर्डिनेटर अश्वनी कुमार ने चिकित्सा संस्थानों की मॉनिटरिंग की और आवशयक दिशा निर्देश देते हुए प्रगति बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कमला बेनीवाल का जाना अपूरणीय क्षति : डॉ सुनील धायल

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ सुनील धायल ने गुजरात की पूर्व राज्यपाल एवम राजस्थान की पूर्व उप मुख्यमंत्री कमला बेनीवाल के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान की राजनीति की सबसे अनुभवी एवम पिछले 75 सालो से भी ज्यादा राजस्थान की राजनीति में ईमानदारी से काम किया था । विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने सकारात्मक राजनीति की छवि पेश की थी। राजस्थान की राजनीति में सबसे लंबी पारी का रिकॉर्ड भी उनके नाम है। वो राजस्थान की पहली महिला मंत्री, पहली महिला उप मुख्यमंत्री, 7 बार की विधायक,3 राज्यों की राज्यपाल भी रही थी। आम आदमी पार्टी राजस्थान ईश्वर से प्रार्थना करती है की दिवंगत आत्मा को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दे और शोक संतप्त परिवार को इस दुख के समय शक्ति प्रदान करें।

### डूंगरपुर गांव में बेजुबान पक्षियों के लिए बनाया चुग्गाघर



**चमकता राजस्थान। रोहट !** रोहट उपखंड क्षेत्र के डूंगरपुर गांव में भामाशाहो द्वारा चुग्गाघर (चबूतरा) बनाया गया है। कांग्रेस नेता राजाराम सरगरा ने बताया की गर्मी के इस मौसम में कोई भी पशु पक्षी भूखे प्यासे की वजह से दम नही तोड़े, इसके लिए लोगो द्वारा कई तरह के जतन किया जा रहा है। परिंडे से लेकर पक्षी चुग्गाघर तक, वही भामाशाह नारायण राम पटेल (जेसीबी) ने पक्षियों के लिए चुग्गाघर (चबूतरा) बनाया गया है। इस कार्यों से बढ़कर कोई पुनीत कार्य नहीं है, और ऐसे कार्यों में लोगो को हमेशा आगे आना चाहिए। पक्षीप्रेमी अपनी मिसाल कायम कर रहे है। इस कड़ी में डूंगरपुर के ग्रामीणों ने पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की नियमित देखरेख करने का संकल्प लिया गया है। डूंगरपुर के समीप आगौर पर सुबह लोग घूमने आते है, वे जगह जगह पक्षियों के लिए चुग्गा डाल देते है। इसके कारण आवारा जानवरो (कुत्ता) द्वारा शिकार हो जाते है। इस समस्या को देखकर भामाशाहों के आर्थिक सहयोग से चुग्गाघर (चबूतरों) का निर्माण करवाया जा रहा है। जिससे बेजुबान पक्षी अपने शिकारों से बच सके।भोर होते ही पक्षियों की चहचहाट और उनकी उड़ान आस-पास के वातावरण की सुरम्य बना देती है। तरह तरह के पक्षियों के साथ कुछ समय बिताने में आपका तन - मन दुरुस्त रह सकता है। लेकिन इसके लिए हमे इनके पालन पोषण का ध्यान रखना होगा। इस समय पूरे भारत में देश के कई हिस्सों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है। तापमान भी बहुत ज्यादा है, ऐसे हालात में न सिर्फ मनुष्य बल्कि पशु - पक्षी भी गर्मी और लू से बेहाल है। गर्मी के इस मौसम में घर के बाहर, छत पर या बालकनी में पक्षियों के लिए दाना - पानी जरूर रखना चाहिए। ताकि उन बेजुबान पक्षियों का पेट भर सके। ज्योतिष में कुछ उपाय बताए गए है जिसके अनुसार भी पक्षियों को दाना - पानी रखने से बहुत से फायदेमंद है। भविष्य में आपके ऊपर आने वाली परेशानियां ये बेजुबान जानवर अपने ऊपर ले लेते है। इसके आलावा ये आपकी कुंडली में ग्रहों के अशुभ प्रभाव को भी दूर करते है। जिससे आपकी समस्याएं कम होने लगती है, और सुख शांति आती है।

### नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने बुधवार को दौसा में दवा की दुकान पर कार्रवाई की

- करीब 6 घंटे तक चली कार्रवाई
- दुकान से नशें की संदिग्ध दवाएं जब्त की और दुकानदार को डिटेन कर लिया।



**चमकता राजस्थान। दौसा!** नारकोटिक्स टीम की करवाई से दौसा में दवा विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। कई दवा विक्रेता अपनी दुकान बंद कर गए। नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम सुबह 11:00 बजे सुंदर दास मार्ग के पास खादी भंडार रोड पर स्थित धीरज अग्रवाल की दवा की दुकान पर पहुंची जहां एक-एक कर दवाओं को खंगाला। दवाएं जब्त कर शाम 5:00 बजे के करीब नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम दुकानदार धीरज अग्रवाल को भी अपने साथ गाड़ी में बैठा कर जयपुर ले गई। यह कार्रवाई नारकोटिक्स ब्यूरो जयपुर के इंस्पेक्टर बलवंत कुमार के नेतृत्व में आई टीम ने की।बलवंत कुमार ने कहा कि अभी कार्रवाई चल रही है दुकानदार को डिटेन किया है। गौरतलब है कि जोधपुर में नशे की दवाओं की फैक्ट्री का खुलासा होने के बाद पूरे प्रदेश भर में इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नारकोटिक्स ब्यूरो की टीम ने दौसा में छापा मारा है। दौसा में भी नशे की दवाओं का कारोबार बड़े पैमाने पर चल रहा है। रेलवे ओवरब्रिज, लालसोट रोड, खादी भंडार रोड एरिया सहित कई जगहों पर नशे का कारोबार हो रहा है। नशे की दवाओं के आदी कई लोग कार्रवाई के दौरान दुकान पर भटकते देखे गए। दौसा में एमडी ड्रग्स के अलावा अन्य मादक पदार्थों का कारोबार भी धड़ल्ले से चल रहा है। लेकिन दवा की दुकान की आड़ में नशीली गोलियां काफी बिक रही हैं। इससे युवाओं का भविष्य चौपट हो रहा है।

# दलालों के संपर्क में थे फोर्टिस के डॉक्टर

## एसआईटी दोनों चिकित्सक कोर्ट में पेश, मोबाइल में चैट मिली, 6 दिन का पुलिस रिमांड

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी .)।** फर्जी एनओसी से ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले की जांच कर रही एसआईटी ने बुधवार को फोर्टिस के दोनों डॉक्टर को कोर्ट में पेश किया। एसआईटी ने कोर्ट से दोनों डॉक्टर का 10 दिन का रिमांड मांगा, लेकिन कोर्ट ने दोनों डॉक्टर का 6 दिन का रिमांड दिया है।आरोपी डॉक्टरों के वकीलों ने दलील देते हुए कोर्ट से कहा कि उनके क्लाइंट का इस केस से कोई लेना-देना नहीं हैं। ये तो केवल हॉस्पिटल में ऑपरेशन करते थे। दोनों ने जो ऑपरेशन किए, उसमें फर्जी एनओसी की जांच करने का काम इनका नहीं था। उन्होंने कहा इस मामले में एसीबी ने सवाई मानसिंह अस्पताल के स्टाफ को गिरफ्तार किया था, लेकिन एसआईटी वहां के डॉक्टर्स से कोई पूछताछ नहीं कर रही है, जबकि पूरी कहानी वहीं से शुरू हुई है। एसआईटी को एसएमएस हॉस्पिटल के डॉक्टरों से भी पूछताछ करनी चाहिए, क्योंकि उनकी मिलीभगत के बिना फर्जी एनओसी जारी नहीं हो सकती थी।



- **पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के निर्देशन में 1 दिन पहले हुआ था एसआईटी का गठन**

राज्य सरकार ने एसआईटी गठन करने के आदेश दिए थे। इस पर मंगलवार को जयपुर कमिश्नर बीजू जॉर्ज जॉर्ज जोफस ने एसआईटी का गठन किया था। ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में दर्ज तीनों एफआईआर की जांच एसआईटी करेगी।एसआईटी में एसीपी गांधी नगर गोपाल सिंह ढाका और एसीपी पुलिस लाइन हेमराज मूंड, 2 पुलिस निरीक्षक हवा सिंह मंगावा और भवानी सिंह, 2 एएसआई मूल सिंह और धर्मेंद्र कुमार के साथ-साथ 2 कॉन्स्टेबल चैन सिंह और सुभाष चंद्र रहेंगे। एसआईटी की जांच की मॉनिटरिंग जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ करेंगे। डॉक्टर से पूछताछ में चौंकाने वाले खुलासे ऑर्गन ट्रांसप्लांट मामले में गिरफ्तार फोर्टिस हॉस्पिटल के दो डॉक्टर जितेंद्र गोस्वामी और संदीप गुप्ता को पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया, जहां से दोनों को 15 मई तक पुलिस रिमांड पर भेजा था। गिरफ्तार डॉक्टर जितेंद्र गोस्वामी से हुई पूछताछ में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। सामने आया है कि जितेंद्र गोस्वामी एसएमएस अस्पताल के एएओ गौरव सिंह से डायरेक्ट संपर्क में था। जब तक वह मणिपाल हॉस्पिटल में रहा, उसने वहां पर कई ट्रांसप्लांट किए थे। आरोपी ने जब फोर्टिस अस्पताल जॉइन किया तो भी गौरव के संपर्क में रहा और हॉस्पिटल के कई स्टाफ को अपने साथ मिला चुका था।

- **फोर्टिस के दोनों डॉक्टर 6 दिन के पुलिस रिमांड पर**

एसआईटी एसआइट ने कोर्ट में आरोपियों को जब पेश किया तो कोर्ट ने एसआईटी से भी रिमांड लेने की आवश्यकता और अब तक एसआईटी ने क्या किया इस पर सवाल पूछे। इस पर एसआईटी ने बताया कि इस केस पर बारीकी से काम किया जा रहा है। पुलिस रिमांड पर चल रहे डॉक्टर्स के खिलाफ पुलिस के पास पुख्ता सबूत है। दोनों डॉक्टर्स की सीडीआर से जानकारी सामने आई है कि ये दलालों के संपर्क में थे। इनके मोबाइल की जांच की गई तो उसमें दलालों से इनकी चैट मिली है। इस आधार पर आगे की जांच करनी है। इस पर कोर्ट ने फोर्टिस अस्पताल के दोनों डॉक्टरों को 6 दिन के रिमांड पर भेज दिया।

## शिक्षा विभाग ने प्रदेश में संचालित प्राइवेट स्कूलों के लिए नई गाइडलाइन जारी, पालना नहीं हुई तो कार्रवाई होगी

### 3 साल तक नहीं बढ़ेगी फीस, बाजार से भी खरीद सकेंगे किताबें और यूनिफॉर्म

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी.)। प्रदेश में संचालित हो रहे प्राइवेट स्कूलों को लेकर शिक्षा विभाग ने नई गाइडलाइन जारी की है। इसमें किताबों, यूनिफॉर्म और फीस बढ़ोतरी को लेकर नियम तय किए गए हैं। पेरेंट्स अब स्कूल के अलावा बाजार से भी यूनिफॉर्म और किताबें खरीद सकेंगे।प्राइवेट स्कूल में फीस निर्धारण को लेकर पेरेंट्स-टीचर्स की एक कमेटी का गठन करना होगा। यह कमेटी फीस का निर्धारण करेगी। इस फीस कमेटी के सभी सदस्यों का नाम, पता, मोबाइल नंबर प्राइवेट स्कूल पोर्टल पर अपडेट करना होगा। कमेटी से अप्रूव फीस से ज्यादा लेना अवैध होगा। ऐसे स्कूलों पर फीस एक्ट के तहत कार्रवाई हो सकती है और पेरेंट्स से ली गई अतिरिक्त फीस लौटानी पड़ सकती है। जो फीस तय होगी, वो तीन साल तक रहेगी।प्राइवेट स्कूल की मनमानी को देखते हुए जारी की गई 10 सूत्री यह गाइडलाइन करीब 40 हजार प्राइवेट स्कूलों पर लागू होगी। इन नियमों का पालन नहीं करने पर स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी



- **ये हैं प्रमुख गाइडलाइंस**

* प्रदेश के स्कूलों में पेरेंट्स-टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया जाए। स्कूल स्तरीय फीस कमेटी का गठन हो। कमेटी के सदस्यों का नाम, पता और मोबाइल नंबर राजस्थान प्राइवेट स्कूल पोर्टल पर अपडेट हों।ड्ड स्कूल स्तरीय फीस कमेटी की ओर से अनुमोदित फीस को पीएसपी पर सालाना और मासिक मद में पीडीएफ बनाकर अपडेट करना अनिवार्य है।ड्ड अनुमोदित फीस के अलावा किसी तरह का शुल्क वसूलना फीस एक्ट के खिलाफ है। ऐसे में स्कूल प्रशासन को फीस के नाम पर की गई वसूली को स्टूडेंट्स और पेरेंट्स को लौटाना होगा।ड्ड स्कूल स्तरीय फीस कमेटी से निर्धारित फीस तीन शैक्षणिक सत्रों के लिए होगी। सिर्फ कुछ वक्त के लिए नहीं।ड्ड प्राइवेट स्कूल जो माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, सीबीएसई, सीआईएससीई, सीएआईई आदि से मान्यता प्राप्त हैं। उनके नियमों और उप नियमों की पालना करते हुए शैक्षणिक सत्र के लिए किताबों का चयन करना होगा। इसकी जानकारी यानी लेखक का नाम, किताब की कीमत के साथ शैक्षणिक सत्र शुरू होने से एक महीने पहले ही स्कूल के नोटिस बोर्ड और वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है, ताकि पेरेंट्स उन्हें बाजार से भी खरीद सकें।ड्ड प्राइवेट स्कूलों में पाठ्य सामग्री, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म, जूते, टाई, बेल्ट जैसे सामान की बिक्री के लिए शिक्षा विभाग की गाइडलाइन की शत प्रतिशत पालना होनी चाहिए।ड्ड प्राइवेट स्कूलों में विशेष योग्यजन (दिव्यांग) और फीमेल स्टूडेंट्स के लिए बनाए गए नियमों की शत प्रतिशत पालना होनी चाहिए।ड्ड स्टूडेंट्स पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की शिकायतों की त्वरित सुनवाई के साथ ही दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्रवाई होनी चाहिए।ड्ड प्राइवेट स्कूलों में पेरेंट्स टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया जाए। इसमें स्टूडेंट से जुड़ी समस्याओं के साथ स्कूल मैनेजमेंट संबंधी समस्याओं पर भी चर्चा हो। इसकी जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध करवाना अनिवार्य होगा।ड्ड शिक्षा विभाग की गाइडलाइन और सभी सूचनाओं को स्कूल को अपने नोटिस बोर्ड पर चस्पा व वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

## चुरू पुलिस ने नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में एक और आरोपी को जयपुर एयरपोर्ट से किया गिरफ्तार

- **आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने व पिता को जान से मारने की दी थी आरोपियों ने धमकी**



**चमकता राजस्थान। जयपुर/चूरू!(खलील कुरैशी) 15 मई।** चूरू जिले में थाना रतनगढ़ इलाका निवासी एक नाबालिक बालिका से जिम में सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर एक और आरोपी मोहसिन पुत्र चांद मोहम्मद (28) निवासी वार्ड नंबर 2 पडिहारा को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पुलिस ने बुधवार को जयपुर एयरपोर्ट से दस्तयाब किया है।एसपी जय यादव ने बताया कि घटना के संबंध में 12 मई को थाना रतनगढ़ इलाके के निवासी एक व्यक्ति ने नामजद रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को गांव के जिम सेंटर पर ले जाकर आरोपियों ने जबरदस्ती दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर किसी को बताने पर वीडियो वायरल करने तथा पिता को जान से मारने की धमकी दी। इस वजह से उसकी बेटी ने डर के कारण घर आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। गम्भीर हालत में घर के सदस्य बेटी को लेकर बीकानेर के पीबीएम अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसकी बेटी को मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट पर आईपीसी की संबंधित धाराओं एवं पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच सीओ रतनगढ़ अनिल पुरोहित द्वारा शुरू की गईमामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी यादव द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार व सतपाल सिंह के सुपरविजन एवं अनुसंधान अधिकारी अनिल पुरोहित व एसएचओ रतनगढ़ दिलीप सिंह के नेतृत्व में गठित की गई टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मंगलवार को आरोपी मोहम्मद जावेद को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया था। घटना में शामिल आरोपी मोहसिन घटना के रोज ही दुबई भाग गया था।जिला पुलिस द्वारा आरोपी की तलाश व दस्तयाबी के लिए एलओसी जारी करवाई गई थी एवं थाना स्तर पर सब इंस्पेक्टर देवी सहाय के नेतृत्व में टीम गठित की गई। बुधवार को टीम ने आरोपी मोहसिन को जयपुर एयरपोर्ट से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

## मदरसा जामिया तैयबा मेमोरियल स्कूल की ओर से वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया




चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) जयपुर स्थित में मदरसा जामिया तैयबा के छात्र एवं छात्राओं ने और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया इस मौके पर मदरसा जामिया के डायरेक्टर कारी मोहम्मद इसहाक ने कहा कि शिक्षा के जरिए लोगों के जीवन में बदलाव लाया जा सकता है उन्होंने बच्चों को नसीहत करते हुए कहा कि अपने और अपने परिवार के बेहतर कल के लिए शिक्षित होना जरूरी है शिक्षा प्राप्त कर अपने परिवार व शहर का नाम रोशन करें जीवन में सफलता प्राप्त कर अपने उद्देश्यों को पूरा करें यह कहना है कारी मोहम्मद इसहाक का जो बच्चे वार्षिक परीक्षा में अच्छे नंबरात से कामयाब हुए उन छात्रों को और अभिभावकों को मदरसा जामिया तैयबा की जानिब से सम्मानित किया गया और नर्सरी क्लास से लेकर आठवीं क्लास तक जिन बच्चों ने 90% से ऊपर परसेंटेज हासिल की है उनको अच्छे इनाम से नवाजा गया इस प्रोग्राम में सबसे अहम बात जो रही वह यह रही के बच्चों को तो सम्मानित किया ही लेकिन उसके साथ साथ में बच्चों के अभिभावक जो आए थे उनको भी सब को सम्मानित किया गया इसी के साथ आए हुए मुख्य अतिथि वार्ड 23 के पार्षद प्रतिनिधि हाजी नवाब अली चिरानिया और शोएब भाई एयरफोर्स रिटायर और हाजी अब्दुल हमीद रियाज मोहम्मद बहादुर भाई भी मदरसा जामिया तैयबा के कार्यक्रम में शरीक हुए कार्यक्रम में हाजी नवाब अली ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर अपनी बात रखी और शिक्षा कितनी जरूरी है इसके बारे में सभी अभिभावकों को बताया अपना-अपना इनाम हासिल कर बच्चों को और अभिभावकों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली प्रोग्राम के आखिर में मदरसा जामिया तैयबा की प्रधानाध्यापिका नुसरत खान और परवीन बानो ने आए हुए सभी मेहमानों और अभिभावकों का शुक्रिया अदा किया

- **शिक्षा से ही जीवन का स्वर्णिम और चहुंमुखी विकास संभव:- मोहम्मद इस्हाक़ खान**

## जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह से मिले जोबनेर व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी)** व्यापार मंडल जोबनेर से प्रतिनिधि मंडल ने जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह से जयपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जाकर मुलाकात की एवं जोबनेर थाने में नफरी की कमी को लेकर ज्ञापन दिया।जाप्ता बढ़ाने के लिए निवेदन किया।जोबनेर थाने में नफरी की कमी के चलते हो रही समस्याओं के बारे में बताया जिसके चलते दूर दराज क्षेत्र में ग्रस्त नहीं हो पाती और भी कई तरह की समस्याएं आती रह थी है होती रह थी है। साथ ही मंगलवार को व्यापार मंडल प्रतिनिधिमंडल ने महिला थाना खोलने के बारे में दिए गए आश्वासन के बारे में बताया और यहां ट्रैफिक पुलिस की नियुक्ति की हुई थी जो आज अनुपस्थित है जोबनेर कस्बे में बहुत भारी ट्रैफिक का दबाव रहता है जिसके चलते ट्रैफिक पुलिस के कांस्टेबल्स की परमानेंट नियुक्ति के लिए कहा।व्यापार मंडल के पदाधिकारीयो से हुई चर्चा के बाद ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह ने व्यापारियों को आश्वासन दिया और त्वरित कार्रवाई करते हुए सारे रिकॉर्ड जिसमें जाप्ते की कमी के, ट्रैफिक पुलिस की नियुक्ति के, और नशा मुक्ति अभियान के अपने पास मंगवाकर शीघ्र ही समाधान का आश्वासन दिया। व्यापार मंडल जोबनेर से व्यापार मंडल अध्यक्ष कल्याण मल कुमावत, महामंत्री मोंटू जैन, संरक्षक महेंद्र काका, पूर्व अध्यक्ष अमित जैन, व्यापार मंडल सदस्य व पूर्व सरपंच मुरलीपुरा छीतर सिंह आदि मौजूद रहे।

- **जोबनेर पुलिस थाने में कम नफरी की समस्या से करवाया अवगत**



# 55 हजार के इनामी डकैत राजवीर ऊर्फ रज्जो की गैंग से पुलिस की मुठभेड़

चमकता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण )।** धौलपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा द्वारा जिलेभर में चलाये जा रहे वांछित, अपराधियों के धरपकड अभियान के तहत व धौलपुर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार शर्मा, बाड़ी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एडीएफ कमल कुमार जांगिड़ तथा वृत्ताधिकारी वृत्त सरमथुरा नरेन्द्र कुमार उप पुलिस अधीक्षक के निकटतम सुपरविजन में धौलपुर जिला स्पेशल टीम द्वारा मंगलवार की रात्रि को कार्यवाही करते हुए हत्या, नकबजनी, अवैध हथियार, मारपीट एवं हत्या के प्रयास जैसे आधादर्जन मामलों में वांछित अपराधी व 55 हजार रुपये का इनामी बदमाश राजवीर उर्फ रज्जो (35) पुत्र दीमान सिंह गुर्जर निवासी छिंग्गा का अड्डा, अतिराज का पुरा थाना कंचनपुर जिला धौलपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने बताया कि बीते मंगलवार की रात्रि को जरिये मुखविर खास स्पेशल टीम जिला धौलपुर में तैनात कांस्टेबल रुपेन्द्रसिंह व अशोक कुमार मीणा को सूचना मिली कि धौलपुर पुलिस अधीक्षक की ओर से 25000, भरतपुर पुलिस अधीक्षक की ओर से 10000 के साथ आगरा जॉन से 20000 का इनामी बदमाश राजवीर उर्फ रज्जो बैठा हुआ है। जिसके पास अवैध देशी कट्टा व काफी कारतूस है। इस सूचना पर जिला स्पेशल टीम के हैंड कांस्टेबल नीरज कुमार, कांस्टेबल रुपेन्द्र सिंह, कुलदीप सिंह, नरेश कुमार, चन्द्रभान सिंह, शिशुपाल छठीं बटालियन आरएसी धौलपुर व जिला धौलपुर टीम के जांबाज कांस्टेबल अशोक कुमार मीणा द्वारा पिपरौन की पुलिया कॉलेज के पास निगरानी की गई, तभी मुखविर द्वारा बताये गये हुलिया की एक बाइक गढ़ी बाजना की तरफ से आई जिसको रोकने का इशारा किया तो बाइक चालक ने बाइक को तेज स्पीड में भगा दिया। जिसका पीछा किया तभी पिपरोन पुलिया पर तैनात जिला स्पेशल टीम के धौलपुर छठीं बटालियन आरएसी में तैनात कांस्टेबल रुपेन्द्र सिंह व धौलपुर स्पेशल टीम डीएसटी के कांस्टेबल अशोक कुमार मीणा ने उन्हें रुकवाना चाहा तो बाइक चालक से बाइक अनबैलेन्स होकर गिर गई व उस पर बैठे व्यक्ति भागने लगे। उनमें इनामी बदमाश राजवीर उर्फ रज्जो गुर्जर था, जो बांई तरफ खाली खेतों की तरफ भागा व अन्य दोनों व्यक्ति पिपरोन की तरफ भागे। बदमाश रज्जो का पीछा किया तो रज्जो ने कांस्टेबल रुपेन्द्र सिंह व अशोक कुमार मीणा पर जान से मारने की नीयत से सात राउन्ड फायर किये। जिससे दोनों कांस्टेबल बाल-बाल बचे व गोली सिर के बगल से निकल गई। एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग के जबाब में अपनी आत्मरक्षा के लिए पुलिस टीम के कांस्टेबल रुपेन्द्र सिंह व अशोक कुमार मीणा ने भी अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपनी-2 एके 47 से पांच राउण्ड फायर किये। जिनमें से एक गोली 55 हजार रुपए के इनामी बदमाश रज्जो के बांये पैर की जांघ में लगी।





➲ डकैत की जांघ में लगी गोली, जिला चिकिलय में भर्ती

# अनियमितताएं बरतने पर 74 मनरेगा मैट ब्लैकलिस्टेड

चमकता राजस्थान



**धौलपुर (रामदास तरुण)।** 15 मई को जिला कलक्टर निधि बी टी ने बताया कि पंचायत समिति बाडी की ग्राम पंचायतों में 1 मई से 15 मई तक की अवधि महानरेगा कार्यों की स्वीकृति उपरांत जारी मस्टररोल में कार्यों व श्रमिकों के विवरण इत्यादि के संबंध में विभिन्न अधिकारियों द्वारा गहन मौका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण हेतु आवंटित ग्राम पंचायतों व क्रियाशील सामुदायिक कार्यों के निरीक्षण उपरांत संबंधित अधिकारीगण द्वारा प्रस्तुत महानरेगा कार्यों की कार्यवार निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की गई।

**निरीक्षण के दौरान मनरेगा कार्यस्थलों पर विभिन्न अनियमितताऐं पाई गई।**

श्रमिकों की संख्या जिनके लिए मस्टररोल जारी किये गये है के विरूद्ध कार्यस्थल पर निरीक्षण के दौरान उपस्थिति दर्ज किये गये श्रमिकों की संख्या कम होना पाया गया।निरीक्षण दिवस से पूर्व के तीन दिवसों में उपस्थित श्रमिको की औसत संख्या एनएमएमएस पोर्टल पर दर्ज उपथिति के अनुरूप लगभग शत-प्रतिशत होना पाया गया।

**कार्यस्थल पर समूहवार काम का वितरण**

समूहवार नाप कर निशान लगाकर कार्य आवंटित नहीं किया गया था। कार्य समाप्त होने पर कार्य के नाम के आधार पर मेट द्वारा मजदूरों को प्रतिदिन अर्जित मजदूरी सेअवगत नहीं कराया जाता था। श्रमिकों द्वारा निर्धारित टास्क के अनुसार मौके पर कार्य सम्पादन नहीं किया जा रहा था।

**स्थाई व उपयोगी परिसम्पत्तियों का सृजन**

कार्य स्थल पुस्तिका व मानचित्र, एलीवेशन, सेक्शन आदि उपलब्ध नहीं रखे जाकर स्वयं के घर पर रखे जा रहे थे। मौके पर संपादित कार्य नक्शे के अनुसार व्यवस्थित रूप से नहीं किया जाकर परम्परागत रूप किया जाना पाया गया।

**कार्यस्थल पर सुविधाएं**

कार्य विवरण डिस्प्ले बोर्ड नहीं लगाये गये थे। आवशयक दवाईयों की उपलब्धता नहीं की जा रही थी। ग्रीष्मकाल में छाया हेतु टैण्ट इत्यादि की व्यवस्थाऐं नहीं की गई थी।

## संक्षिप्त खबर

### राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत धौलपुर ने की परिंदा बांधो अभियान की शुरुआत



**चमकता राजस्थान, धौलपुर ( रामदास तरुण )।** गर्मी के सीजन के चलते बेजुबान पशु पक्षियों के लिए पीने के पानी हेतु परिंदा आदि लगाने की आवशयकता है। इसी क्रम में राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत धौलपुर ने जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा से मुलाकात कर परिंदा बांधो अभियान की शुरुआत की। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय धौलपुर में परिंदा बांधकर परिंदा अभियान की शुरुआत की । जिला अध्यक्ष राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत धौलपुर भगवान सिंह मीना ने बताया कि जिलेभर में अलग अलग जगहों को चिन्हित करके 1 हजार परिंदे संगठन द्वारा बांधे जाएंगे ताकि गर्मियों के सीजन के चलते बेजुबान पक्षियों को पीने के लिए पानी मिल सके। प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रभान चौधरी ने बताया कि समूचे प्रदेश में राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत द्वारा एक लाख परिंदे बांधे जाने की पहल के अंतर्गत धौलपुर में भी परिदा बांधो अभियान की शुरुआत की गई है जिसके तहत जिला कलेक्ट्रेट परिसर में परिंदे बांधे गए। परिदा बांधो अभियान के शुरुआत के अवसर पर संयुक्त महासंघ एकीकृत के जिला महामंत्री योगेश पांडे ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष भारत सिंह गुर्जर,जिला मंत्री प्रदीप राजपूत,उप जिला अध्यक्ष चोल सिंह ,महिला मंत्री दुर्गावती राना, प्रदेश महिला मंत्री मधु यादव, महासंघ घनशयाम शर्मा, होमेश्वर कुशवाह, तमन्ना अख्तर, इंद्रा सैन, महादेवी बघेला, अंजु वाला, अशोक शर्मा, राधेशयाम वर्मा, कुलदीप सिंह,सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों व शिक्षक बंधुओं ने पहुंचकर पुण्य कार्य में सहभागी बने ।इस परिंदा बांधो अभियान को जिलेभर में चलाया जाएगा।

### ट्रक केन्टर से 2 करोड़ 50 लाख रुपए कीमत का डोडा पोस्त छिलका बरामद



**चमकता राजस्थान, जयपुर/चूरू (खलील कुरैशी )।** चूरू जिले में डीएसटी एवं थाना सरदारशहर पुलिस की टीम ने नाकाबंदी में संयुक्त कार्रवाई कर एक बंद बॉडी ट्रक केन्टर से 1260 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त छिलका जप्त कर आरोपी ड्राइवर सुरेश कुमार नायक पुत्र राजकुमार (36) निवासी कालवास थाना आजादनगर (जिला हिसार), हरियाणा को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 2 करोड़ 50 लाख रुपए है एसपी जय यादव ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र दादरवाल व सीओ अनिल माहेश्वरी के सुपरविजन एवं एसएचओ अरविंद कुमार के नेतृत्व में थाना सरदारशहर के एसआई मंगू राम मय टीम व डीएसटी प्रभारी वीरेंद्र कुमार एसआई मय टीम द्वारा राणासर बीकान मेगा हाईवे रोड से रतनगढ़ पर नाकाबंदी कर सन्दिग्ध वाहनों की चैकिंग की जा रही थी।इसी दौरान एक हरियाणा नंबर के संदिग्ध ट्रक केन्टर को रोक तलाशी ली गई। ट्रक में रखें प्लास्टिक के कट्टों से कुल 1260 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त का छिलका बरामद किया गया। जिसे जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपित सुरेश कुमार नायक को गिरफ्तार किया गया है। जिससे पुलिस की टीम मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त एवं उनके नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

महावीर नगर थाना क्षेत्र में नाबालिग की हत्या का 24 घण्टे में खुलासा

# अवैध संबंधों को छुपाने नाबालिग भाभी ने प्रेमी संग मिलकर की थी ननद की हत्या



चमकता राजस्थान

**जयपुर/कोटा(खलील कुरैशी)।** कोटा शहर के महावीर नगर थाना इलाके में केशवपुरा सेक्टर-4 में एक नाबालिग लड़की की गला रेत कर हत्या करने की घटना का पुलिस ने महज 24 घण्टों में खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना की आरोपी मृतक की नाबालिग भाभी को निरुद्ध कर भाभी के प्रेमी थाना मंडावर जिला झालावाड़ निवासी राजू लाल उर्फ राजू प्रजापति उर्फ राजा पुत्र ताराचंद (24) को गिरफ्तार कर लिया है।एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि घटना के संबंध में मंगलवार को परिवादी अंकित प्रजापत ने रिपोर्ट दी कि आज घर पर उसकी पत्नी, छोटी बहन पूनम व छोटा भाई थे। अज्ञात हमलावर ने गला काटकर उसकी बहन पूनम की हत्या कर दी। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी व प्रोबेशनर आईपीएस पंकज यादव के निर्देशन व सीओ मनीष शर्मा व योगेश शर्मा के सुपरविजन एवं एसएचओ महेंद्र कुमार मारू के नेतृत्व में थाना महावीर नगर से विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा घटनास्थल व आसपास के क्षेत्र का बारीकी से मुआयना किया गया। सीसीटीवी फुटेज चैक कर लोगों से पूछताछ की गई। एफएसएल, डॉग स्क्वाड व कार्य प्रणाली शाखा टीमों को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए गए। मृतक पूनम की नाबालिग भाभी से मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो उसने अपने प्रेमी राजू प्रजापति के साथ मिलकर हत्या करना कबूल कर लिया। इस पर आरोपी राजू को मण्डावर में दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया। इसके विरुद्ध पहले भी तीन आपराधिक मामले दर्ज है।एसपी डॉ दुहन ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि घटना में आरोपित नाबालिग भाभी का शादी से पहले ही अपने गांव के ही राजू प्रजापति से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जो शादी के बाद भी जारी रहा। इनके बीच अवैध संबंधों के बारे में आरोपित भाभी के गांव के ही राहुल और उसके परिवार को मालूम था। इसी बीच मृतका पूनम की शादी की बात राहुल से चलने लगी। जिसका उसकी नाबालिग भाभी विरोध कर रही थी, क्योंकि शादी होने के बाद पूनम को और पूनम के जरिए उसके पति व ससुराल वालों को उनके प्रेम प्रसंग का मालूम चल जाता। पूनम के राहुल से ही शादी करने की जिद के कारण इन्होंने हत्या की योजना बना ली।मंगलवार को आरोपी भाभी ने दोपहर के समय राजू को घर पर बुला लिया। उसे समय पूनम अपने कमरे में सो रही थी और घर पर अन्य कोई व्यक्ति नहीं था। अच्छा मौका देख अपने अवैध संबंधों को छुपाने के लिए इन्होंने पूनम की चाकू से गला रेत एवं संडासी से सिर में चोट पहुंचाकर हत्या कर दी।

# शिक्षक राष्ट्र निर्माता एवं समाज का पथ प्रदर्शक : लखारा

चमकता राजस्थान



**वैर (राजवीर सिंह)।** राजस्थान शिक्षा संघ राष्ट्रीय के महामंत्री महेंद्र लखारा ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता के साथ-साथ समाज का पथ प्रदर्शक है। प्रत्येक शिक्षक में राष्ट्रवाद व मूल संस्कृति की भावना दिल में पैदा कर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए। महामंत्री लखारा मुख्य अतिथि के बतौर संगठन की उपशाखा वैर एंव भुसावर की संयुक्त बैठक में पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सीता (वैर) के सभागार में उद्बोधन व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संगठन राष्ट्रहित में शिक्षा, शिक्षा हित में शिक्षक, शिक्षक हित में समाज की अवधारणा को दृष्टिगत रखते हुए कार्य करता है। अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि हरिशंकर शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने कहा कि शिक्षक संघ राष्ट्रीय प्रदेश में सबसे बड़ा संगठन है जिसकी गत वर्ष 1.60 लाख सदस्यता वर्तमान सत्र में 2.50 लाख सदस्यता लक्ष्य रखा है। सरकार से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को 1 जुलाई 2024 से लागू करने, छठवें वेतनमान में सावन्तं कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक कर लागू करने, महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालयों को अभिभावकों के आधार पर हिंदी माध्यम में करने सहित अन्य मांगों पर सरकार को विचार करना चाहिए।जिला अध्यक्ष लाखन सिंह ने कहा कि संगठन राष्ट्रीय स्तर पर अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ तथा ए.आई.पी.टी.एफ व ए.आई.एस.टी.एफ,एवं राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ,राज्य कर्मचारी महासंघ से संबंध है। बैठक प्रारंभ पर मां सरस्वती के समझ दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। अतिथियों का विद्यालय परिवार की ओर से विजय सिंह प्रधानाध्यापक, राम सिंह गुर्जर जिला उपाध्यक्ष, तेज सिंह गुर्जर, सत्य प्रकाश शर्मा अध्यक्ष वैर, हेमेंद्र प्रकाश दत्तात्रेय अध्यक्ष भुसावर, बाल स्वरूप पांडे मंत्री, उषा गोयल महिला मंत्री भुसावर ने माला, साफा बांधकर प्रतीक चिन्ह भेंट कियें।बैठक में विशिष्ट अतिथि मनमोहन शर्मा प्रधानाचार्य खोहरा, पुष्पेंद्र सिंह प्रधानाचार्य वैर, नरेंद्र पाल शर्मा जिला मंत्री, राम सिंह गुर्जर जिला उपाध्यक्ष, हेमेंद्र प्रकाश दत्तात्रेय अध्यक्ष भुसावर ने कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के प्रयास शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण एवं संगठन के उद्देशयों को पदाधिकारी आम शिक्षकों को अवगत करायें। इस अवसर पर समय सिंह गुर्जरव्याख्याता, विजय सिंह गुर्जर प्रधानाध्यापक, अनूप पाराशर, उषा गोयल, बाल स्वरूप पांडे, रामकिशन गुर्जर, फूल सिंह विजाणिया, राहुल शर्मा, राकेश कुमार मीणा,कमल चंद, यतीश, अनूप पाराशर, मुकेश चंद्र अग्रवाल, दारा सिंह, तेज सिंह, राहुल धाकड़, लक्ष्मी नारायण मीणा, पंकज दत्तात्रेय, नेम सिंह, तेज सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त कर सदस्यता लक्ष्य को शत प्रतिशत करने का आश्वासन दिया।

## बाड़मेर जिला पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# एक वर्ष पहले दर्ज गुमशुदगी के प्रकरण का किया खुलासा, पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी हत्या

➲ **आरोपी प्रेमी गिरफ्तार, निशांदेही पर टांके में रेक्सीन के बोरे में लिपटे मृतक के अवशेष बरामद**

चमकता राजस्थान

**जयपुर/बाड़मेर (खलील कुरैशी)।** बाड़मेर जिला पुलिस ने एक साल पहले थाना सदर क्षेत्र के सादुलाणियों का तला सनावड़ा से गुमशुदा युवक खरता राम के प्रकरण का खुलासा कर आरोपी मृतक की पत्नी के प्रेमी दिनेश पुरी पुत्र जगराम (19) निवासी गांव कगाउ थाना सदर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर कगाउ गांव के पास एक गहरे टांके से मृतक के शव के अवशेष बरामद कर लिये है।एसपी नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि पिछले साल 5 मई को सादुलाणियों का तला निवासी देवाराम जाट ने थाना सदर में अपने बेटे खरताराम के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसके बाद 12 मई को पुत्रवधू व अन्य पर अपहरण का शक जाहिर किया। इस पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना का खुलासा नहीं होने पर 10 हजार के इनाम की घोषणा की गई।एक साल से अनसुलझे गुमशुदा खरता राम प्रकरण के खुलासे के लिए सीओ रमेश शर्मा, एसएचओ सदर सत्य प्रकाश बिश्नोई, एसएचओ ग्रामीण दिनेश लखावत व एसएचओ कोतवाली लेखराज सियाग की इंटेरोगेशन टीम व डीसीआरबी के कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह की तकनीकी टीम गठित की गई।गठित टीम द्वारा घटनास्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण, विभिन्न रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज व टोल प्लाजा के डाटा का बारीकी से विश्लेषण किया गया। पिछले 5 सालों में खरताराम ने राजस्थान व गुजरात के जिन-जिन स्थानों पर मजदूरी की उन सभी जगह पूछताछ की गई। सन्दिग्ध व्यक्तियों से कड़ाई से पूछताछ कर उनकी गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी गई। इसी दौरान तकनीकी टीम को घटना के संबंध में साक्ष्य मिलने पर सन्दिग्ध दिनेश पुरी को डिटेन कर इंटेरोगेशन टीम द्वारा मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की तो वह टूट गया और उसने मृतक की पत्नी के साथ मिलकर हत्या करना स्वीकार कर लिया।आरोपी की निशादेही पर पुलिस ने गांव कगाउ स्थित आम चौराहे के पास जोगमाया के मंदिर के सामने गहरे सूखे टांके से रैग्जीन के बोरे में लिपटी लाश व स्पोर्ट्स शूज बरामद कर लिये। मृतक के पहने हुए कपड़े तथा गले में डाले गए लोक देवता के फूल के आधार पर परिजनों ने लाश की पहचान खरता राम के रूप में की।




**पढ़ाई के दौरान स्कूल में चढ़ा प्रेम परवान पर**

आरोपी दिनेश पुरी व मृतक खरताराम की पत्नी दोनों ही कगाऊ गांव स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ते थे। इसी दौरान उनके बीच प्रेम प्रसंग परवान चढ़ने लगा। कुछ समय बाद नाबालिग किशोरी की शादी खरताराम के साथ हो गई। प्रारंभ से ही वह खरताराम को पसंद नहीं करती थी। इसलिए दोनों के बीच लड़ाई झगड़ा होता था। इससे परेशान होकर घर वालों ने बंटवारा कर दिया। उसके बाद खरताराम व उसकी पत्नी अलग-अलग घर में रहने लगे।

**रास्ते से हटाने कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या**

राह में रोड़ा बन रहे खरता राम को रास्ते से हटाने के लिए दिनेश पुरी व मृतक की पत्नी ने षड्यंत्र रच 4-5 मई 2023 की रात कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। लाश के डीकंपोज होने पर फैलने वाली दुर्गंध को रोकने के लिए बिस्तर में लपेट रैग्जीन के बोर में डालकर रस्सी से मुंह बंद कर सुने इलाके में स्थित गहरे सूखे टांके के अंदर फेंक दिया।

**भ्रमित करने मृतक के स्पोर्ट्स शूज़ पहन पद चिन्ह बनाए**

परिजनों और पुलिस को भ्रमित करने के लिए आरोपी दिनेश पुरी ने मृतक खरता राम के स्पोर्ट्स शूज पहनकर बाहर जाने के पद चिन्ह बनाए। बाद में उन जूते को भी उसी टांके में डाल दिया। लाश का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा करवाया जाकर परिजनों को सौपा जाएगा। घटना के खुलासे में डीसीआरबी के कांस्टेबल भूपेंद्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

# खेतड़ी स्थित हिन्दुस्तान कॉपर खान हादसे में एक अधिकारी की मौत, 14 लोग बचाए

चमकता राजस्थान

नीमकाथाना (नि.स.)। राजस्थान में हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की खेतड़ी स्थित कोलिहान खदान में फंसे 15 अफसरों में से 14 को बाहर निकाल लिया गया है। वहीं, चीफ विजिलेंस ऑफिसर उपेंद्र पांडे की मौत हो गई है। उनके पार्थिव शरीर को खेतड़ी कॉपर कॉर्पोरेशन हॉस्पिटल में रखा गया है। हालांकि प्रशासन ने अभी इसकी आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। बुधवार सुबह से चार राउंड में रेस्क्यू ऑपरेशन किया गया। बचाए गए अफसरों में से 7 घायलों को जयपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल मणिपाल में एडमिट कराया गया है। दरअसल, नीमकाथाना जिले की इस खदान में मंगलवार शाम हुए एक एक्सीडेंट में 15 अधिकारी-कर्मचारी फंस गए थे। खदान में 1875 फीट की गहराई में लिफ्ट की चेन टूट गई थी। 14 मई की शाम को खेतड़ी कॉपर कॉर्पोरेशन चीफ समेत विजिलेंस की टीम माइंस में नीचे उतरी थी। रात 8.10 बजे माइंस से निकलते समय हादसा हो गया। लिफ्ट में कोलकाता से आई विजिलेंस की टीम और माइंस के बड़े अधिकारी थे।

## लिफ्ट की चेन टूटने से 1875 फीट नीचे फंसी थी 15 जानें

### 8 लोगों के फ्रैक्चर, एक की हालत गंभीर

» राजस्थान हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड कोलिहान में घायल हुए 8 लोगों को जयपुर के मणिपाल अस्पताल लाया गया है। इसके बाद डॉक्टर्स की टीम ने उनकी मेडिकल बुलेटिन जारी करते हुए बताया कि सभी 8 लोगों के पैर में फ्रैक्चर है। इनमें से 7 लोगों के सामान्य चोटें हैं, जबकि 1 घायल केके शर्मा की क्रिटिकल स्थिति है, जिनका ऑपरेशन होगा। डॉक्टर ने बताया कि किसी को अभी शुरुआती जांचों में हेड इंजरी सामने नहीं आई है।



## एक नजर

### गोदाम के ताले तोड़कर 80 कट्टे गेहूं चोरी

**फतेहाबाद।** टोहाना स्थित हैफेड गोदाम के ताले तोड़कर 80 कट्टे गेहूं चोरी हो गए। हैफेड के निरीक्षक ने पुलिस में बुधवार को शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस को दी शिकायत में सिसाय बोलान पाना निवासी व हैफेड काम्पलैक्स, टोहाना में निरीक्षक के पद पर तैनात सुरेश कुमार ने कहा है कि उसके कार्य क्षेत्र में हैफेड के दो गोदाम आते हैं। इस समय गेहूं का सीजन चल रहा है और टोहाना में चण्डीगढ़ रोड पर फ्लाईओवर के पास हैफेड के गोदाम में गेहूं के कट्टों का भंडारण किया जा रहा है। सुबह जब वह ड्यूटी पर आया तो उसने देखा कि गोदाम नं. 10 के गेट का ताला टूटा था और गेट के आसपास गेहूं बिखरा था। जब उसने स्टॉक को चेक किया तो गोदाम से 80 कट्टे कम मिले। निरीक्षक सुरेश कुमार ने अपनी शिकायत में बताया कि रात को अज्ञात चोर गोदाम के गेट के ताले तोड़कर गेहूं के 80 कट्टे चोरी कर ले गए हैं। इसकी कीमत करीब 91 हजार रुपये है। पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### झील में नहाने गए युवक की डूबने से हुई मौत

**फरीदाबाद।** सिरोही गांव के पास बनी अप्राकृतिक झील में नहाते समय गहरे पानी में डूबने के कारण एक 17 वर्षीय लड़के की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक अपने भाइयों के साथ झील में नहाने के लिए गया था। नहाने के बाद उसके अन्य भाई झील से बाहर अपने सामान के पास आ गए थे। लेकिन अपने भाई सैफअली को ना पाकर वापस झील में देखा तो उसका शव पड़ा हुआ मिला। परिजनों ने बताया कि मृतक सैफअली बल्लभगढ़ के अज्जी कॉलोनी का रहने वाला है। बुधवार को वह अपने परिवार के चार भाईयों के साथ सिरोही के नजदीक झील में नहाने गया था।

### चीनी मिल में टैंक सफाई के दौरान सगे भाई गैस की चपेट में आए, एक की मौत



**बागपत।** जनपद के बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के मलकपुर चीनी मिल में काम करने वाले सगे भाई मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात को शीरे के टैंक में दो सगे भाई गिर गए। इस हादसे में एक भाई की मौत हो गयी है। जबकि दूसरे की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका अस्पताल में इलाज जारी है। मामले में परिजनों ने हंगामा काटा है। जानकारी के मुताबिक बरवाला गांव के रहने वाले अनुज और राहुल सगे भाई हैं। दोनों मलकपुर चीनी मिल में संविदा पर नौकरी करते हैं। बीती रात दोनों मिल में शीरे के टैंक की सफाई करने उतरे और जहरीली गैस की चपेट में आकर गिर गए। इस हादसे में अनुज की टैंक के अंदर दम घुटने से मौत हो गयी जबकि राहुल की हालत गम्भीर है और उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। इस दौरान परिजनों ने दोषी लोगों पर कार्रवाई न होने तक शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया है और हंगामा काटा।

### स्कूलों को बम से उड़ाने की मेल से दी गई धमकी

**कानपुर।** दिल्ली नोएडा एवं लखनऊ के बाद अब कानपुर के भी दस स्कूलों को बम से उड़ाने वाली ई-मेल आई है। सूचना पर सक्रिय हो चुकी पुलिस मुकदमा दर्ज करके बुधवार को जांच शुरू कर दी है। यह जानकारी अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरिश्चंद्र ने दी। उन्होंने बताया कि नजीराबाद के सनातन धर्म मंदिर स्कूल और बर्रा स्थित केडीएमए स्कूल समेत कानपुर के दस स्कूलों को उड़ाने की धमकी एक ई-मेल के माध्यम से मंगलवार रात दी गई। यह जानकारी होते ही उन्होंने तत्काल देर रात बम स्क्वॉड के साथ स्कूलों की सघन चेकिंग और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सभी सहायक पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिया है।

### यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए मप्र, गुजरात के दो और श्रद्धालुओं की मौत



**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए दो और श्रद्धालुओं की मंगलवार को मौत हो गई। दोनों को अचेत अवस्था में स्वास्थ्य केंद्र जानकीचट्टी पहुंचाया गया था। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रदेश की चारधाम की यात्रा के दौरान अब तक मरने वाले यात्रियों कुल संख्या सात हो गई है। बदरीनाथ की तो सोमवार को बदरीनाथ धाम में भी एक यात्री की मौत हुई। ऐसे में चारधाम यात्रा के दौरान अब तक सात यात्रियों की जान गई है। जानकारी के अनुसार राम प्रसाद(51) पुत्र कन्हैया लाल निवासी इंदौर गांधी नगर मध्यप्रदेश मंगलवार सायं करीब आठ बजे रात्रि यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भैरव मंदिर के पास फिसलकर चोटिल हुए। दक्षा बेन पटेल (68) पत्नी घनश्याम पटेल निवासी अहमदाबाद, गुजरात को सवा आठ बजे यमुनोत्री से लौटते वक्त सांस लेने में दिक्कत हुई और वह बेहोश हो गईं।

# शादी में मिले उपहारों की लिस्ट बनाएं दहेज के केसों में मदद मिलेगी: हाईकोर्ट

● दहेज प्रतिषेध अधिनियम के रूल 10 के अन्तर्गत कोई नियम प्रदेश सरकार ने बनाया है

प्रयागराज। एजेंसी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि शादी में मिले उपहारों की एक लिस्ट बननी चाहिए और उस पर वर एवं वधू पक्ष के हस्ताक्षर भी जरूरी हैं। ऐसा करने से शादी के बाद होने वाले विवादों और केस-मुकदमों में मदद मिलेगी। हाईकोर्ट ने अंकित सिंह व अन्य द्वारा दाखिल 482 दंड प्रक्रिया संहिता के केस की सुनवाई करते हुए यह अहम सलाह दी है। हाईकोर्ट ने 23 मई सुनवाई के लिए लगाते हुए सरकार से हलफनामा मांगा है कि वह बताएं कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम के रूल 10 के



अन्तर्गत कोई नियम प्रदेश सरकार ने बनाया है। अदालत ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1985 का हवाला देते हुए कहा कि इस कानून में एक नियम यह भी है कि वर एवं वधू को मिलने वाले उपहारों की भी सूची बननी चाहिए। इससे यह स्पष्ट होगा कि उन लोगों को क्या-क्या मिला था। इसके अलावा अदालत ने कहा कि शादी के दौरान मिलने वाले गिफ्ट्स को दहेज के दायरे में नहीं रखा जा सकता। जस्टिस विक्रम डी. चौहान की बेंच ने कहा कि दहेज की मांग के आरोप लगाने वाले लोग अपनी अर्जी के साथ ऐसी लिस्ट क्यों नहीं लगाते। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि दहेज प्रतिषेध अधिनियम का उसकी पूरी भावना के साथ पालन होना चाहिए। अदालत ने कहा कि यह नियम बताता है कि दहेज और उपहारों में क्या अंतर है। शादी के दौरान लड़का और लड़की को मिलने वाले गिफ्ट्स को दहेज में नहीं शामिल किया जा सकता। अदालत ने कहा कि अच्छी स्थिति यह होगी कि मौके पर मिली सभी चीजों की एक लिस्ट बनाई जाए।

इस पर वर और वधू दोनों के ही साइन भी हों। इससे भविष्य में लगने वाले बेजा आरोपों को रोका जा सकेगा। अदालत ने कहा, ह्नदहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1985 को केंद्र सरकार की ओर से इसी भावना के तहत बनाया गया था कि भारत में शादियों में गिफ्ट देने का रिवाज है। भारत की परम्परा को समझते हुए ही गिफ्ट्स को अलग रखा गया है। यही वजह है कि जब लिस्ट बन जाएगी तो फिर बेजा आरोपों से बचा जा सकेगा। अकसर शादी के बाद विवाद होने पर ऐसे आरोप लगाए जाते हैं।

जज ने कहा कि इस नियम के अनुसार तो दहेज प्रतिषेध अधिकारियों की भी तैनाती की जानी चाहिए। लेकिन आज तक शादी में ऐसे अधिकारियों को नहीं भेजा गया। राज्य सरकार को बताना चाहिए कि उसने ऐसा क्यों नहीं किया, जबकि दहेज की शिकायतों से जुड़े मामले खूब बढ़ रहे हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट की यह टिप्पणी दहेज उत्पीड़न के बढ़ते मामलों को लेकर अहम है। किसी भी शादी के 7 साल बाद तक दहेज उत्पीड़न का केस दायर किया जा सकता है। अकसर ऐसे मामले अदालत में पहुंचते हैं, जिनमें विवाद किसी और वजह से होता है लेकिन आरोप दहेज का लगा दिया जाता है।

### हाट मिक्स प्लांट बंद करने की जनप्रतिनिधियों ने उठाई मांग

गोपेश्वर। चमोली जिले के मंडल घाटी के नरोंधार के नीचे मंडल-बैतरणी मोटर मार्ग पर लगे हाट मिक्स प्लांट से निकलने वाले धूंऐ से मंडल घाटी में हो रहे प्रदूषण को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को एक ज्ञापन जिलाधिकारी चमोली को सौंपते हुए इस प्लांट को बंद करने की गुहार लगायी है। दशोली के पूर्व प्रमुख भगत सिंह बिष्ट, सीटू के जिलाध्यक्ष मदन मिश्रा, गजे सिंह बिष्ट, गीता बिष्ट का कहना है कि नरोंधार के नीचे लगे हाट मिक्स प्लांट से निकलने वाला धूंआ पूरे क्षेत्र में फैल रहा है। जिस कारण लोगों के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। इस धूंऐ के कारण सबसे ज्यादा परेशान बुजुर्ग लोग हो रहे है जिन्हें दमा और श्वास की बीमारी से पीड़ित होना पड़ रहा है। साथ ही आने जाने वाले राहगिरों को भी इस प्लांट के कारण परेशानी भुगतनी पड़ रही है। उनका कहना है कि क्षेत्र में कई विद्यालय भी है जहां पर बच्चे दिनभर रहकर अध्ययन कर रहे हैं। इस धूंऐ के चलते उनकी पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस प्लांट को बंद करवाये जाने की मांग उठाई है ताकि क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य पर इसका विपरित प्रभाव न पड़ने पाये।

# उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिलेगी : केशव

● जनता के मन में मोदी, यूपी में 80 सीटें जीतेगी भाजपा : मौर्य

लखनऊ। एजेंसी

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि प्रदेश में 80 में 80 सीटें भाजपा जीत रही है। जनता के मन में मोदी हैं। मोदी के मन में जनता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इंडी गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिलेगी। कहा कि संविधान का अपमान और दुरूपयोग करने वाली कांग्रेस के मुँह से संविधान बचाने की बात करना देश और समाज के साथ गद्दारी है।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब देश में भाजपा जैसी मजबूत सरकार होती है तो वह सबसे पहले देश का हित देखती है, देश के लोगों का हित देखती है।



लेकिन जब देश में कांग्रेस जैसी कमजोर सरकार होती है, तो वह देश को भी कमजोर कर देती है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ब्रजेश पाठक ने इंडी गठबंधन की संयुक्त प्रेसवार्ता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सपा कांग्रेस के गठबंधन को उत्तर प्रदेश की जनता ने नकार दिया है। उत्तर प्रदेश में इण्डिया गठबंधन को एक भी सीट नहीं मिलेगी। विदित हो कि आज लखनऊ के होटल ताज में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संयुक्त प्रेसवार्ता को संबोधित किया।

### बकायदारों से टैक्स वसूली में जुटा हल्द्वानी नगर निगम

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी नगर निगम इस वित्तीय वर्ष के टैक्स वसूली में जुट गया है। और टैक्स जमा नहीं करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम के मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने बताया कि नगर निगम के राजस्व बढ़ाने के लिए निगम की ओर से टैक्स वसूली के साथ-साथ बड़े बकायदारों को नोटिस देने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्य नगर आयुक्त ने कहा कि शहर में 471 बड़े टैक्स पेयर हैं उनसे भी टैक्स वसूली की कार्रवाई चल रही है। साथ ही बड़े टैक्स पेयरों को नोटिस देकर टैक्स वसूली और जो टैक्स नहीं दे रहे हैं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौत

हरिद्वार। ट्रैक्टर के नीचे दबकर एक किसान की मौत हो गई। किसान की खबर सुनते ही उसके परिवार में कोहराम मच गया। जनपद के झबरेड़ा थाना क्षेत्र के बेहेडेकी सैदाबाद निवासी सन्नी त्यागी 30 वर्ष पड़ोसी किसान के खेत में धंसे हुए ट्रैक्टर को निकालने अपना ट्रैक्टर लेकर गया था। बताया गया कि जब किसान ने ट्रैक्टर निकालने के लिए अपना ट्रैक्टर चलाया तो ट्रैक्टर एक साइड में गिर गया।

### बिजली का तार टूटकर घर पर गिरा

निवाड़ी। जिले के पृथ्वीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सकेरा भड़रन में बुधवार सुबह बिजली की तार टूट कर एक घर पर गिर गई। इससे घर में मौजूद छह लोग करंट की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोग चीख-पुकार सुनकर घर में घुसे और उन्हें बचाकर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। घायलों में दो लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसा सुबह करीब आठ बजे हुआ। \बिजली का तार टूटकर गिरने से घर में करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से छह लोग घायल हो गए।

# कर्मचारी विरोधी है कांग्रेस सरकार : जयराम ठाकुर

शिमला। एजेंसी

विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के सभी वर्गों का खास ख्याल रखा है। जबकि प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी है। छठे वेतन आयोग का लाभ न मिलने पर बिजली बोर्ड के पेंशनर्स गुस्से में हैं, लेकिन प्रदेश सरकार गहरी नींद में सो रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर बुधवार को शिमला में भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिन्दल और कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष घनश्याम शर्मा भी मौजूद रहे। ठाकुर ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश में बिजली बोर्ड पेंशनरों का हल्ला शुरू हो गया है। पेंशनर्स की मांगें पूरी न होने से चुनाव के बहिष्कार की धमकी दे रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कांग्रेस



सरकार को झूठा बताते हुए कहा कि यह जो वादा करती है, वह कभी पूरा नहीं करती है और ऐसे एक नहीं कई उदाहरण हैं, जिसे यह सिद्ध होता है कि इस सरकार की नियत में ही खोट है।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीति, नीयत और नेतृत्व पर विश्वास है। मोदी जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले दस साल के कार्यकाल में 51.40 करोड़ रोजगार का सृजन हुआ।

# बाढ़ के बाद से मलबों में लोगों की तलाश जारी, अबतक 52 शव मिले

तनाह दतार। एजेंसी

इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में बाढ़ की तबाही से मरने वालों की संख्या बढ़कर 52 हो गई है। बचावकर्मियों ने मंगलवार को बाढ़ प्रभावित गांवों में मलबे में लोगों की तलाश जारी रखी। जानकारी के मुताबिक मरने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। मानसून की भारी बारिश, भूस्खलन और माउंट मेरापी से निकले लावे ने शनिवार आधी रात से ठीक पहले पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के चार जिलों में कहर बरपा दिया था। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि बाढ़ में बड़ी संख्या में लोग बह गए और घर व इमारतें जलमग्न हो गईं। 3,300 से अधिक लोगों को अस्थायी सरकारी सहायता केंद्रों में जाना पड़ा है। मुहारी ने कहा कि मंगलवार तक मलबे से 52 शवों को निकाला जा चुका है। बचावकर्मी उन 20 लोगों की तलाश कर रहे हैं, जो लापता हैं। प्रांतीय राजधानी पडांग में खोज और बचाव कार्यालय के प्रमुख अब्दुल मलिक ने कहा कि दूरदराज के इलाकों में अभी भी पहुंच संभव नहीं है, इसलिए मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

इंडोनेशिया की मौसम विज्ञान, जलवायु विज्ञान और भू-भौतिकी एजेंसी ने कहा कि आगामी दिनों में पश्चिम सुमात्रा प्रांत में और अधिक बारिश होने का अनुमान है। अगले सप्ताह तक अत्यधिक बारिश हो सकती है। इंडोनेशिया के ह्यसेंटर फॉर वोल्केनोलॉजी एंड जियोलॉजिकल डिजास्टर मिटिगेशन के अनुसार, माउंट मेरापी ज्वालामुखी को अचानक विस्फोटों के लिए जाना जाता है। मेरापी में विस्फोटों का अनुमान लगाना मुश्किल है, क्योंकि स्रोत उथला है और शिखर के पास है।

# कूटनीतिक वार्ता से ही नेपाल-भारत की समस्या का समाधान संभव: नारायणकाजी

काठमांडू। एजेंसी

नेपाल के विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने विश्वास व्यक्त किया है कि कूटनीतिक वार्ता के जरिये ही भारत के साथ चली आ रही समस्याओं का समाधान हो सकता है। कूटनीतिक संवाद के जरिए हल होने वाली समस्याओं का दूसरा या तीसरा बिकल्प नहीं ढूंढ़ा जाना चाहिए। नेपाल-भारत संबंधों पर नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित सेमिनार में विदेश मंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ ने कहा कि सदियों से रहे संबंध को छोटी-मोटी सीमा समस्या के कारण नहीं बिगड़ा जा सकता। दोनों देशों के संबंध प्रकृति द्वारा संरक्षित, सांस्कृतिक एकता से सिंचित, व्यापक, बहुआयामिक तथा अतुलनीय है।

विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच कुछ समस्याएं हैं, जो अभी की नहीं है बल्कि इतिहास



से चलती आ रही है। इन समस्याओं के लिए न तो वर्तमान भारत सरकार और न ही नेपाल सरकार जिम्मेदार है। इतिहास की इन समस्याओं का समाधान कूटनीतिक संवाद के जरिए किए जाने की बात विदेश मंत्री ने कही। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक माध्यम से इन समस्याओं का समाधान कर संबंधों को नई ऊंचाई पर पहुंचाने की आवश्यकता है।

विदेश मंत्री ने कहा कि द्विदेशीय सम्बन्ध सार्वभौम समानता, शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व, सद्भावना, पारस्परिक विश्वास और समझदारी पर आधारित होने के कारण इसको और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। दोनों देशों के बीच निरन्तर होने वाले उच्चस्तरीय भ्रमण, इन संबंधों को और ऊंचाई प्रदान करते हैं।

### शबाना आजमी 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' से सम्मानित

लंदन। भारतीय सिनेमा और महिला अधिकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अभिनेत्री शबाना आजमी को फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन के खिताब से सम्मानित किया गया। शबाना आजमी (73) वार्षिक ह्ययूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) में शामिल होने के लिए लंदन में थीं। सिनेमा में उनके 50 साल पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शबाना आजमी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए पांच राष्ट्रीय पुरस्कारों और छह फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। उन्हें पिछले सप्ताह एक समारोह में फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन से सम्मानित किया गया। फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार लंदन या सार्वजनिक जीवन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्ति को दिया जाता है। आजमी ने कहा, मैं फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन पुरस्कार पाकर बेहद सम्मानित महसूस कर रही हूं। यह सिनेमा की शक्ति का प्रमाण है कि हम सीमाओं को पार करने और समाज पर सार्थक प्रभाव डालने में सक्षम हैं।

## एक नजर

### ला लीगा : रियल मैड्रिड ने घरेलू मैदान पर डेपोर्टिवो अलावेस को 5-0 से हराया



**मैड्रिड।** ला लीगा चैंपियन रियल मैड्रिड ने मंगलवार को घरेलू मैदान पर डेपोर्टिवो अलावेस को 5-0 से करारी शिकस्त दी। रियल, जिसने चार मैच शेष रहते हुए खिताब पर कब्जा कर लिया था, ने सप्ताह की शुरूआत में चैंपियंस लीग फाइनल में पहुंचने के बाद स्पेनिश राजधानी में मंगलवार को अपने प्रशंसकों के साथ अपने 36वें लीग खिताब का जश्न मनाया। जश्न मनाने के बाद खेल शुरू हुआ। मैच के 10वें मिनट में ही जूड बेलिंगहैम ने गोल कर मैड्रिड को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद विनीसियस जूनियर ने मैच के 27वें मिनट में गोल कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। फेडे वाल्वरडे ने पहले हाफ के इंजुरी टाइम में एक शक्तिशाली शॉट के साथ गोल कर मध्यांतर तक अपनी टीम की बढ़त 3-0 कर दी। बेलिंगहैम के पास के बाद विनीसियस जूनियर ने 69वें मिनट में अपना दूसरा व टीम का चौथा गोल किया और रियल मैड्रिड की बढ़त 4-0 हो गई। मैच के 81वें मिनट में अर्दा गुलेर ने गोल कर अपनी टीम की 5-0 से जीत सुनिश्चित कर दी। यह हाल के हफ्तों में गुलेर का तीसरा गोल था। एक अन्य मैच में गिरोना की दूसरे स्थान पर रहने की संभावनाओं को उस समय बड़ा झटका लगा, जब उन्हें विलारियल से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा, जो सीजन की उनकी दूसरी घरेलू हार थी। इस हार के साथ गिरोना बार्सिलोना से एक अंक पीछे रह गया है, जिसने एक मैच कम खेला है, जबकि विलारियल के पास अभी भी अगले सीजन में यूरोप के लिए क्वालीफाई करने का मौका है।

### आर्यन इंटरनेशनल, सेंट मीरा, शिरडी साईं व गांधीनगर की टीमें जीतीं

**मुरादाबाद।** दिल्ली रोड स्थित मार्डन पब्लिक स्कूल में छह दिवसीय एमपीएस हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे दिन बुधवार को आर्यन इंटरनेशनल स्कूल, सेंट मीरा एकेडमी, शिरडी साईं पब्लिक स्कूल और गांधीनगर पब्लिक स्कूल की टीमों ने जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बुधवार को पहला मैच आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल और एसएसआरवीएम मॉडल स्कूल के बीच हुआ। इसमें आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल की टीम विजयी हुई। दूसरा मैच वीकेएस पब्लिक स्कूल और सेंट मीरा एकेडमी, तीसरा मैच गांधी नगर पब्लिक स्कूल और एलएसए अमरोहा, चौथा मैच शिरडी साईं पब्लिक स्कूल ओर नोसगे पब्लिक स्कूल के बीच हुआ।

### थाईलैंड ओपन: सात्विक-चिराग दूसरे दौर में, प्रणय हारे




**बैंकॉक।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने बुधवार को थाईलैंड ओपन के पुरुष युगल वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है, हालांकि पांचवीं बरीयता प्राप्त एच.एस. प्रणय पुरुष एकल के शुरूआती दौर में हमवतन मीराबा लुवांग मैसनाम से हार गए। शीर्ष वरीय सात्विक और चिराग ने शुरूआती दौर में मलेशिया के नूर मोहम्मद अजरीन अयूब अजरीन और टैन वी कियोंग की जोड़ी को 21-13, 21-13 से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 34 मिनट तक चला। सात्विक और चिराग की भारतीय जोड़ी अगले दौर में जी हाओ नान और जेंग वेई हान की चीनी जोड़ी से भिड़ेगी। वहीं, प्रणय पहली बाधा पार करने में असफल रहे और 55 मिनट तक चले मैच में मीराबा से 21-19, 21-18 से हार गये। मीराबा का अगला मुकाबला डेनमार्क के मैड्स क्रिस्टोफरसेन से होगा, जिन्होंने भारत के किरण जॉर्ज को 21-15, 13-21, 21-17 से हराया। महिला एकल में, अश्मिता चालिहा ने इंडोनेशिया की एस्टर नुरुमी ट्राई वाडोयो को कड़े संघर्ष के बाद 19-21, 21-15, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

# हॉकी इंडिया ने लांच किया कोचिंग लेवल बेसिक कोर्स

**नई दिल्ली। एजेंसी**

देश में हॉकी की सर्वोच्च संस्था हॉकी इंडिया ने बुधवार को पूर्व खिलाड़ियों सहित कोचिंग करियर बनाने के इच्छुक व्यक्तियों के लिए कोचिंग लेवल बेसिक कोर्स शुरू करने की घोषणा की। यह कोर्स हॉकी इंडिया कोचिंग एजुकेशन पाथवे डेवलपमेंट प्रोग्राम का हिस्सा है और इसका उद्देश्य इच्छुक कोचों को विकसित करना और शिक्षित करना है, जिससे उन्हें एफआईएच स्तर के कोचिंग पाठ्यक्रमों की ओर आगे बढ़ने के लिए एक मंच प्रदान किया जा सके। कोचिंग लेवल बेसिक कोर्स 24 से 29 जून 2024 तक ऑनलाइन आयोजित होने वाला है और इसमें पांच बैच शामिल होंगे, प्रत्येक में 40 उम्मीदवार होंगे। पाठ्यक्रमों के ऑनलाइन प्रारूप और अनुसूची के बारे में विवरण चयनित प्रतिभागियों को सूचित किया जाएगा।




### कोचिंग लेवल बेसिक कोर्स के लिए मुख्य बिंदु

**पात्रता मापदंड :** उम्मीदवारों को जिला, स्कूल या विश्वविद्यालय हॉकी टीम को कोचिंग देने का पूर्व अनुभव होना चाहिए, या उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर खेलना चाहिए या कम से कम तीन वर्षों के लिए अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

**अंग्रेजी भाषा में प्रवीणता -** उम्मीदवारों को अंग्रेजी समझने और प्रभावी ढंग से संवाद करने में सक्षम होना चाहिए।

पाठ्यक्रम विशेष रूप से उन प्रशिक्षकों या संभावित प्रशिक्षकों के लिए डिजाइन किए गए हैं जिन्होंने पहले किसी हॉकी इंडिया स्तर 'बेसिक' और लेवल '1' कोचिंग कोर्स में भाग नहीं लिया है। पाठ्यक्रम के समापन पर एक ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। हॉकी इंडिया लेवल '1' कोचिंग कोर्स के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए इस परीक्षा को सफलतापूर्वक पूरा करना अनिवार्य है।

कोचिंग कोर्स लेवल बेसिक के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 15 मई 2024 को सुबह 10:30 बजे शुरू हो गया है और 18 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे समाप्त होगा। कोचिंग लेवल बेसिक कोर्स को लेकर हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, ‘यह पहल कोचों की अगली पीढ़ी के पोषण और भारत में हॉकी कोचिंग में उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हम पूर्व खिलाड़ियों का स्वागत करने के लिए विशेष रूप से उत्साहित हैं, जो कोचिंग भूमिकाओं में बदलाव के इच्छुक हैं, इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से, हमारा लक्ष्य उन्हें अपने कोचिंग करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करना है।

हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा हमारा मानना है कि हमारे खेल की निरंतर सफलता के लिए कोचिंग शिक्षा में निवेश करना महत्वपूर्ण है, और ये पाठ्यक्रम कोचों को उन उपकरणों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं जिनकी अगली पीढ़ी में हॉकी के प्रति जुनून को विकसित करने के लिए आवश्यकता है। हम सभी योग्य उम्मीदवारों को इस अवसर का लाभ उठाने और हमारे साथ इस समृद्ध यात्रा पर निकलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।'

### चीनी सुपर लीग : अपने दो घरेलू मैच बंद दरवाजों के पीछे खेलेगा किंगदाओ हैनियू



**बीजिंग। एजेंसी**

- आयोजकों पर 200,000 युआन (लगभग 28,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया

चीनी फुटबॉल एसोसिएशन (सीएफए) ने मैच अधिकारियों पर प्रशंसकों के हमले के बाद किंगदाओ हैनियू को अपने अगले दो घरेलू चीनी सुपर लीग (सीएसएल) मैच बंद दरवाजों के पीछे खेलने का आदेश दिया है। सीएफए ने मंगलवार रात एक बयान जारी कर कहा कि, सीएसएल मैच में जहां किंगदाओ पक्ष ने पिछले शुक्रवार को नानटोंग ज़ियुन की मेजबानी की थी, घरेलू प्रशंसकों ने मैच अधिकारियों पर दो बार हल्की वस्तुएं फेंककर हमला किया, दर्शकों द्वारा एक पानी की बोतल भी रेफरी पर फेंकी गई, जो उनकी छाती पर लगी। बयान में कहा गया है कि जब मैच अधिकारी खेल के बाद चले गए, तो कुछ अनियंत्रित प्रशंसकों ने उन पर पानी की बोतलों जैसी चीजों से हमला किया। सजा के तौर पर, सीएफए ने फैसला सुनाया कि किंगदाओ हैनियू को अपने अगले दो घरेलू मैच बिना दर्शकों के खेलने होंगे। इसके अलावा उपर्युक्त खेल के आयोजकों पर 200,000 युआन (लगभग 28,000 अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना लगाया गया।

## जेक, स्टब्स और पोरेल एक अच्छी खोज : प्रवीण



**नई दिल्ली। एजेंसी**

जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 के अपने अंतिम लीग चरण मैच में लखनऊ सुपर जाइंट्स को 19 रन से हरा दिया। अभिषेक पोरेल (33 गेंदों में 58 रन) ट्रिस्टन स्टब्स (25 गेंदों में 57 रन) के बेहतरीन अर्धशतकीय पारियों की बदौलत मेजबान टीम ने 20 ओवरों में 4 विकेट पर 208 रन का स्कोर बनाया। इसके बाद ईशांत शर्मा ने 34 रन देकर 3 विकेट लिए, जिससे घरेलू टीम ने लखनऊ सुपर जाइंट्स को 189/9 पर रोक दिया और 19 रन से मैच जीत लिया। इसके साथ ही दिल्ली कैपिटल्स ने 14 मैचों में (सात जीत और सात हार) 14 अंकों के साथ अपना लीग चरण समाप्त किया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली कैपिटल्स के सहायक कोच प्रवीण आमरे ने टीम के अभियान पर कहा, कई सकारात्मक बातें हैं। जेक, स्टब्स और पोरेल एक अच्छी खोज हैं। रसिख ने पिछले चार मैचों में अच्छा योगदान दिया। एक भारतीय गेंदबाज का योगदान कुछ खास है।

हमारे सभी भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा काम किया। जिस तरह से खलील, ईशांत और मुकेश ने गेंदबाजी की, वह एक फ्रेंचाइजी के रूप में हमारे लिए बहुत सकारात्मक था। यह साल सिर्फ इसलिए खास है क्योंकि हमने घरेलू मैदान पर कई मैच जीते और हमें जो समर्थन मिला, उसके लिए प्रशंसकों को विशेष धन्यवाद। टीम की जीत में स्टब्स के योगदान को लेकर आमरे ने कहा वह ऐसे व्यक्ति हैं जो स्पिनरों को भी अच्छी तरह से खेल सकते हैं।

### साक्षी मलिक ने साथी पहलवान निशा दहिया का दिल्ली हवाई अड्डे पर किया स्वागत

**नई दिल्ली।** पूर्व ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को साथी पहलवान निशा दहिया का इस्तांबुल, तुर्किये से लौटने पर दिल्ली हवाई अड्डे पर स्वागत किया, जहां उन्होंने महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया था। फेसबुक पर साक्षी ने आईजीआई हवाईअड्डे पर निशा के स्वागत की तस्वीरें पोस्ट कीं, जहां निशा का परिवार और उनके दोस्त भी मौजूद थे। शुक्रवार को, निशा ने कुश्ती विश्व ओलंपिक क्वालीफायर के फाइनल में पहुंचने के बाद ओलंपिक कोटा हासिल किया और पेरिस के लिए उड़ान भरने वाली पांचवीं महिला पहलवान बन गईं। सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की एडेला हेंजलिकोवा को 7-4 से हराने से पहले, निशा ने राउंड ऑफ 16 में व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट, अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की पूर्व रजत पदक विजेता अलीना शौचुक को 3-0 से हराया था।

## आईपीएल में बना एक और रिकॉर्ड सीजन में लगे सबसे ज्यादा छक्के

**नई दिल्ली। एजेंसी**




- दिल्ली और लखनऊ मैच के दौरान कुल 20 छक्के लगे। अंत में, कैपिटल्स ने 19 रन से जीत हासिल की
- अधिकतम छक्कों की कुल संख्या 1,125 हो गई

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें संस्करण ने टी20 क्रिकेट की गतिशीलता को बदल दिया है और एक के बाद एक कई रिकॉर्ड टूट रहे हैं। मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के मैच के दौरान, इस लीग के इतिहास के एकल संस्करण में सबसे अधिक छक्के लगे। दिल्ली और लखनऊ मैच के दौरान कुल 20 छक्के लगे। अंत में, कैपिटल्स ने 19 रन से जीत हासिल की। इन 20 छक्कों के साथ मौजूदा सीजन में अधिकतम छक्कों की कुल संख्या 1,125 हो गई, जो किसी भी सीजन में सबसे अधिक है। हालांकि यह संख्या अभी और बढ़ेगी, क्योंकि टूर्नामेंट में अभी भी कुछ मैच बाकी हैं। पिछले सीजन में छक्कों की कुल संख्या 1,124 थी, जबकि 2022 में 1,062 छक्के लगे थे। पंजाब किंग्स ने प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा रखे गए 262 रनों के लक्ष्य का पीछा किया। यह टी20 क्रिकेट के इतिहास में सबसे बड़ा सफल रन चेज है। इस मैच में एक टी20 मैच में सर्वाधिक 42 छक्के लगाए गए। सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ आईपीएल में 3 विकेट पर 287 का सर्वोच्च स्कोर बनाकर इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज करा लिया।

## काउंटी चैंपियनशिप से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे बेन स्टोक्स

**लंदन। एजेंसी**




इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स इस सप्ताह काउंटी चैंपियनशिप से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करेंगे। स्टोक्स डरहम के लिए लंकाशायर के खिलाफ मैच से वापसी कर रहे हैं। स्टोक्स का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच मार्च की शुरूआत में भारत दौरे का अंतिम मुकाबला था। आईपीएल से हटने के बाद, स्टोक्स ने बाद में खुद को अगले महीने के टी20 विश्व कप के लिए अनुपलब्ध बना लिया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वह टेस्ट समर में बल्ले और गेंद से पूरी भूमिका निभा सकें। नवंबर में उनके बाएं घुटने की सर्जरी हुई थी। वेस्टइंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में 10 जुलाई से शुरू होने वाले पहले टेस्ट से पहले लगभग दो महीने बचे हैं, स्टोक्स शुक्रवार को ब्लैकपूल में अपना अभ्यास शुरू करेंगे। डरहम एक जीत और तीन ड्रॉ के साथ डिवीजन वन में पांचवें स्थान पर है। मुख्य कोच रेयान कैंपबेल स्टोक्स के अपनी टीम और पूरी प्रतियोगिता पर पड़ने वाले प्रभाव से काफी उत्साहित थे। कैंपबेल ने मंगलवार को बीबीसी रेडियो न्यूकैसल से बातचीत में कहा हम अपने सीजन की शुरूआत करना चाहते हैं और हम इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स का पहली बार अपनी टीम में स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं - यह बिल्कुल अद्भुत होगा। मेरा सुझाव है कि यदि आपके पास सप्ताहांत में कुछ दिन हैं तो आप ब्लैकपूल जाएं और डरहम के लिए महान बेन स्टोक्स की वापसी देखें।

## वाणिज्य

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशिया में मिला-जुला कारोबार

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मजबूती का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, यूरोपीय बाजार पूरे सत्र में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है। महंगाई के आंकड़े आने के पहले पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार में उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के तीनों सूचकांक मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद बंद हुए। डाउ जॉन्स 127 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.48 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,246.68 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

नैस्डेक 122.94 अंक यानी 0.75 प्रतिशत उछल कर 16,511.18 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक कमजोरी के साथ 39,549.77 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार के विपरीत यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार उतार चढ़ाव होता रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद यूरोपीय बाजार मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुआ। एफटीएसई इंडेक्स 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,428.13 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,225.80 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। दूसरी ओर, डीएएक्स इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 18,716.42 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशिया में भी आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

### कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब




**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड 84 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल का भाव 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है। जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के तीसरे दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.66 डॉलर यानी 0.80 फीसदी की उछाल के साथ 83.03 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है।

## मजबूत शुरूआत के बाद लुढ़का बाजार सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार शुरूआती कारोबार में दबाव में नजर आ रहा है। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। खरीदारी के सपोर्ट से बाजार में तेजी का रुख भी बना। लेकिन पहले आधे घंटे के कारोबार के बाद ही बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से शेयर बाजार ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.25 प्रतिशत और निफ्टी 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से सिप्ला, कोल इंडिया, अडाणी एंटरप्राइज, डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज और हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के शेयर 4.02 प्रतिशत से लेकर 0.91 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर जेएसडब्ल्यू स्टील, आयशर मोटर्स, बजाज ऑटो, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और सन फार्मास्युटिकल्स के शेयर 1.53 प्रतिशत से लेकर 0.83 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,150 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,591 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 559 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 7 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 23 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 16 शेयर हरे निशान में और 34 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 95.62 अंक की मजबूती के साथ 73,200.23 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक उछल कर 73,301.47 अंक तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई।

### लगातार तीसरे दिन सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना लगातार तीसरे दिन सस्ता हुआ है। देश के ज्यादतर सर्राफा बाजारों में सोना प्रति 10 ग्राम 400 रुपये तक सस्ता हुआ है। इस गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73 हजार रुपये के स्तर से नीचे गिर गया है। 24 कैरेट सोना 72,810 रुपये से लेकर 72,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 67 हजार रुपये के स्तर से गिरकर 66,740 रुपये से लेकर 66,890 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। दूसरी ओर चांदी के भाव में करीब 900 रुपये की तेजी आई है। इसकी वजह से दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 87,300 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन विफल, प्रदेश की जनता को झूठ फैलाकर गुमराह कर रही है कांग्रेसःश्रवण सिंह बगड़ी

## अंग्रेजी मीडियम स्कूलों के रिव्यू के बाद प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखकर भाजपा सरकार करेगी फैसलाः श्रवण सिंह बगड़ी



**चमकता राजस्थान/जयपुर।**

भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने अंग्रेजी मीडियम स्कूलों पर कांग्रेस द्वारा अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेसी नेताओं के पास कोई मुद्दा बचा ही नहीं। प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने आनन-फानन में बिना कोई नीति और योजना बनाए वोट बैंक के खातिर सरकारी स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित कर दिया, जबकि इन सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी पढ़ाने वाले शिक्षक तक नहीं लगाए गए। भाजपा सरकार के रिव्यू करने के फैसले का विरोध करने वाले कांग्रेसी नेता भी प्रदर्शन में नहीं पहुंचे।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि भजन लाल सरकार और भाजपा कभी भी अंग्रेजी स्कूलों के विरोध में नहीं है, लेकिन जिस तरह से कांग्रेस सरकार ने बिना ठोस नीति के जल्दबाजी में योजना चलाई थी, उसे हमारी सरकार बेहतर ढंग से लागू करेगी। इंग्लिश मीडियम स्कूलों के पक्ष में भारतीय जनता पार्टी हमेशा रही है, लेकिन इंफ्रास्ट्रक्चर को देखकर इसकी घोषणा करनी चाहिए थी। कांग्रेस सरकार ने आनन फानन में फैसला किया और आदेश निकाल दिए। ऐसे में हिन्दी मीडियम के बच्चों के सामने संकट तक आ गया। उनके लिए कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था कांग्रेस सरकार ने नहीं की थी। भाजपा के प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने हिंदी मीडियम स्कूल को अंग्रेजी मीडियम में तो बदल दिया लेकिन इनके के पास ना तो अंग्रेजी स्कूलों के लिए टीचर थे और ना ही इंफ्रास्ट्रक्चर। कांग्रेस ने सिर्फ दिखावा करने के लिए जनता को धोखा दिया है। पिछले 5 साल में कांग्रेस सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कोई काम नहीं किया। भाजपा सरकार बनने के बाद शिक्षा प्राथमिकता में है। कांग्रेस सरकार को इस योजना को लागू करने से पहले इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करना चाहिए था, अध्यापकों की ट्रेनिंग करानी चाहिए थी, इंग्लिश पढ़ाने वाले अध्यापक होंगे तभी तो बच्चे पढ़ेंगे। इन सब के बावजूद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और शिक्षा मंत्री इस विषय को गंभीरता से देख रहे हैं। बेहतर शिक्षा के लिए स्कूलों का रिव्यू किया जा रहा है फिर जो छात्रों के हित में होगा, सरकार द्वारा वो निर्णय किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के अवसर पर शस्त्र पूजन दिवस मनाया

● भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता थेः- पं. सुरेश मिश्रा



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा परशुराम जन्मोत्सव पर पुरे प्रदेष में कहीं शोभा यात्रा और पूजा अर्चना के अनेक आयोजन किये जा रहे है। समारोह में आज जयपुर में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना और शस्त्र पूजन लालकोठी स्थित सर्व ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ के कार्यालय पर आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में विप्र जनों ने भाग लिया। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गब्बर कटारा ने बताया कि समारोह में आज सर्व ब्राह्मण महासभा के युवा प्रकोष्ठ कार्यालय पर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा, जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, प्रदेश संगठन मंत्री पं. श्याम शास्त्री, जयपुर युवा संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा के सानिध्य में भगवान परशुराम जी के शस्त्र पूजन किया गया। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्रा ने उपस्थित ब्राह्मणजनों को शपथ दिलाई की हम सब सर्वजन सुखाय सर्वजन हिताय की भावना के साथ काम करेंगे और समाज के प्रत्येक व्यक्ति की मदद करेगें। भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए ब्राह्मण समाज का योगदान सर्वोपरि रहेगा। परशुराम जी विष्णु के अवतार हैं और मातृ और पितृ भक्ति के सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है। इन्होनें आतंकियों का नाश करने का संकल्प लिया और जब-जब आतंकियों ने आतंक फैलाया तो उनका समुल नाश किया। मिश्रा ने कहा है कि भगवान परशुराम ना केवल ब्राह्मणों के आराध्य है यह तो पहले वो व्यक्ति थे जिन्होंने आतंक के खिलाफ फरसा उठाया। वे शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता थे। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को शस्त्र और शास्त्र की जानकारी होनी चाहिए। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री पं. श्याम शास्त्री, जयपुर शहर अध्यक्ष अनिल सारस्वत, युवा जयपुर संभाग अध्यक्ष दिनेश शर्मा, युवा प्रकोष्ठ के प्रमोद शर्मा, अशोक शर्मा, सुनील गौड़, अभिषेक गोस्वामी, रीना शर्मा, अंजना शर्मा, रीना शर्मा, सतीश शर्मा, विनोद शर्मा, संतोष शर्मा सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एसीबी ने अजमेर में पटवारी 2 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरैशी) 15 मई, बुधवार।** ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर स्पेशल यूनिट-अजमेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये सरदार सिंह पटवारी पटवार मण्डल गागुन्दा, तहसील अराई, जिला अजमेर को परिवादी से 2 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहर-ड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की स्पेशल यूनिट-अजमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि राजस्व रिकार्ड में नाम शुद्धीकरण की एवज में आरोपी सरदार सिंह पटवारी पटवार मण्डल गागुन्दा, तहसील अराई, जिला अजमेर द्वारा 3 हजार रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी अजमेर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरवीजन में एसीबी की



स्पेशल यूनिट-अजमेर इकाई के उप अधीक्षक पुलिस राकेश कुमार वर्मा के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी सरदार सिंह पटवारी पटवार मण्डल गागुन्दा, तहसील अराई, जिला अजमेर को परिवादी से 2 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी पटवारी द्वारा शिकायत के सत्यापन के दौरान भी परिवादी से 1 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे।एसीबी के उप महानिरीक्षक पुलिस रणधीर सिंह के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टोल-फ्री हैल्पलाईन नं. 1064 एवं हँ३रंस्त्रस्त्र हैल्पलाईन नं. 94135-02834 पर 24७7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।

## सेवा भारती समिति का श्री राम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आज

● पूर्व संध्या पर हुई मेहंदी और महिला संगीत का कार्यक्रम

**चमकता राजस्थान/जयपुर।**

सेवा भारती समिति, जयपुर का 13वां श्री राम जानकी सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन जानकी नवमी पर 16 मई को अंबावाड़ी स्थित आदर्श विद्या मंदिर में होगा। पूर्व संध्या पर बुधवार को महिला संगीत का कार्यक्रम हुआ। वर-वधु परिवार की महिलाओं ने सामूहिक रूप से परम्परागत गीतों पर नृत्य किया।

सेवा भारती समिति,राजस्थान के



मंत्री गिरधारी लाल शर्मा ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में 15 समाजों के 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। इसमें 38 सजातीय और सात जोड़े अंतरजातीय है। सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। गुरुवार को घर जैसे माहौल में विवाह की सभी रस्में होंगी। प्रचार प्रसार प्रमुख ऋतु चतुर्वेदी ने बताया कि 16 मई को सुबह साढ़े सात बजे सभी मेहमान और जोड़े विवाह स्थल पहुंच जाएंगे। अल्पाहार के बाद स्तंभ पूजन और प्रधान पूजा होगी। इसके बाद सियारामदास बाबा की बगीची से गाजेबाजे के साथ सामूहिक बारात निकासी होगी। सभी दूल्हे अलग-अलग घोड़ियों पर बैठकर विवाह स्थल पहुंचेंगे। यहां तोरण मारने की रस्म के बाद स्टेज पर वरमाला की रस्म होगी। इसके बाद अलग-अलग वेदियों पर पाणिग्रहण संस्कार होगा। प्रीतिभोज के बाद विदाई समारोह होगा।

बुधवार को श्रीराम जानकी सर्व जातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के संयोजक नवल बगड़िया, अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश भारती, मंत्री हनुमान सिंह भाटी, कोषाध्यक्ष हरि कृष्ण गोयल, सह संयोजक गिरधारी लाल शर्मा सहित अन्य सभी पदाधिकारी आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

### अब तक 2375 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया :

» सेवा भारती समिति राजस्थान ने सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन 2010 में भवानी मंडी में शुरू किया था। अब तक राजस्थान के 22 जिलों के 33 स्थानों पर 2375 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया जा चुका है। सेवा भारती समिति राजस्थान आर्थिक दृष्टि से पिछड़े, सामाजिक न्याय एवं पहचान से वंचित वर्गों के मध्य, विशेषतया नगरीय क्षेत्रों में अभावग्रस्त बस्तियों, ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने वाला एक गैर सरकारी संगठन हैं। यह नगरीय झुग्गी–झोंपड़ी, बस्तियों में समाज कल्याण कार्यक्रम जैसे नि:शुल्क शिक्षा, नि:शुल्क, चिकित्सा, कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों, सामाजिक समरसता कार्यक्रमों में कार्यरत हैं।

## लड़कियों को मिले पूरा हक, टेक्नोलॉजी क्षेत्र में हो बराबर हिस्सेदारीः ईशा अंबानी

### 'गर्ल्स इन इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (जीआईसीटी) इंडिया झ्र 2024' का आयोजन दूरसंचार विभाग और संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी ने मिलकर किया

**चमकता राजस्थान/जयपुर।**

चौथी औद्योगिक क्रांति के इस डिजिटल युग में भारत को अगर वर्ल्ड लीडर के तौर पर उभरना है तो लड़कियों को आगे लाना होगा। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और सूचना व संचार टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लड़कियों की भागीदारी बढ़ानी होगी। दूरसंचार विभाग द्वारा आयोजित 'गर्ल्स इन आईसीटी इंडिया झ्र 2024' में लड़कियों से बात करते हुए रिलायंस इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड की निदेशक ईशा अंबानी ने उन्हें प्रौद्योगिकी को एक करियर के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। ईशा अंबानी ने कहा, टेक्नोलॉजी क्षेत्र में महिलाओं और पुरूषों का



अनुपात बराबर होना चाहिए। इसके लिए हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है।

'गर्ल्स इन इनफार्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (जीआईसीटी) इंडिया झ्र 2024' का आयोजन दूरसंचार विभाग, अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (दक्षिण एशिया), इनोवेशन सेंटर - दिल्ली और संयुक्त राष्ट्र की अन्य एजेंसियों ने मिलकर किया था। प्रधानमंत्री

● **लड़कियों के हक की लड़ाई में सरकार के साथ उद्योग जगत को भी आगे आना होगा**

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए ईशा अंबानी ने बताया कि ''सरकार आवश्यक सुधार कर रही है, और इसके परिणाम भी दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने अपनी मां नीता अंबानी का जिक्र करते हुए कहा कि वे बार-बार कहती हैं कि एक आदमी को सशक्त बनाओ तो वह एक परिवार का पेट भरेगा। जबकि एक महिला को सशक्त बनाया जाए तो वह पूरे गांव को खाना खिलाएगी। मुझे मेरी मां की बात पर पूरा विश्वास है कि महिलाएं जन्मजात लीडर होती हैं।

### दीया कुमारी ने पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर किया नमन!



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने भारतीय राजनीति के अजातशत्रु और अन्त्योदय के प्रणेता , भारत के पूर्व उपराष्ट्रपति एवं राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय स्व. श्री भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि के अवसर पर आज विद्याधर नगर स्थित उनके समाधि स्थल पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की और सादर नमन किया।

## रोडवेज की मुख्य प्रबन्धकों के साथ वीसी में बढ़ती गर्मी के मध्यनज़र बुनियादी सुविधाओं की बेहतरी के दिये निर्देश

### पैनिक बटन से और अधिक सुरक्षित होगा रोडवेज में महिलाओं का सफर - रेया गुहा

**चमकता राजस्थान/जयपुर।**

राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्रीमती श्रेया गुहा ने बताया कि रोडवेज बसों में लगाए जा रहे पैनिक बटन एक अच्छी पहल है। इसका उपयोग कर महिलाएं किसी भी आपातकालीन स्थिति से प्रबन्धन को अवगत कराने में सक्षम होगी। इससे रोडवेज बसों में महिलाओं का सफर और भी अधिक सुरक्षित होगा। उन्होने बताया कि यह परियोजना परिवहन विभाग के सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के सहायोग से चलाई जा रही है। उन्होने गर्मी के मध्यनजर



बस स्टैण्ड्स पर यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

श्रीमती गुहा बुधवार को रोडवेज मुख्यालय पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरीए सभी मुख्य प्रबन्धकों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। उन्होने कहा कि रोड़वेज आमजन से जुडा उपक्रम है। अतः सभी मुख्य प्रबन्धक यात्रियों को बस स्टैण्ड पर निरंतर सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया करवाने की दिशा में काम करे। उन्होंने डीजल औसत के परिणामों की समीक्षा करते हुए कहा कि वीटीएस (व्हीकल ट्रेकिंग सिस्टम) के उपयोग से डीजल औसत के परिणामों में सुधार के साथ निगम की वित्तीय स्थिति भी सुधरेगी। उन्होने इसे पर्यावरण संरक्षण के लिए भी अहम बताया। इसके साथ ही उन्होने ग्रीष्मकालीन अवकाश के मध्यनजर यात्रियों की सुविधा के लिए पहाड़ी एवं पर्यटन स्थलों पर शिड्यूल बनाने के भी निर्देश दिए।

रोडवेज अध्यक्ष ने संचालन परिणामों, निरीक्षण परिणामों की तुलनात्मक समीक्षा की एवं आवंटित लक्ष्यों से कम प्राप्ति के सम्बन्ध में मुख्य प्रबन्धकों से फीडबैक लिया। उन्होंने सभी क्षेत्रिय प्रबन्धकों को फील्ड में रहकर संचालन परिणामों, राजस्व अर्जन से जुडे पहलुओं की नियमित मोनिटरिंग के निर्देश दिए। उन्होने मुख्य प्रबन्धकों को स्थानीय चुनौतियों के निराकरण के लिए जिला प्रशासन के साथ सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए।

बैठक में रोडवेज की कार्यकारी निदेशक (प्रशासन) श्रीमती अनिता मीना, कार्यकारी निदेशक (यातायात) श्रीमती ज्योति चौहान, कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक) श्री रवि सोनी निगम के वित्तीय सलाहकार श्री रामगोपाल पारीक सहित निगम अधिकारी मौजूद रहें।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929